भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

शुभ दीपोत्सव

कार्तिक, पक्ष - कृष्ण, तिथि - नवमी, संवत 2079 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-34, 19 अक्टूबर - 25 अक्टूबर, 2022 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-




*रियल फ्रूट पावर केवल एक ट्रेडमार्क है और इसकी वास्तविक प्रकृति का प्रतिनिधित्व नहीं करता है. *रियल फ्रूट पावर में है विटामिन C (प्रति 200ml) जो इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करें.

Dabur डाबर केयर्स: फोन करें या लिखें. 8/3, असफ अली रोड़, नई दिल्ली-110002 ई-मेल: daburcares@dabur.com वेबसाइट: dabur.com टोल फ्री: 1800-103-1644

## जागरूक खबरें

### ■ शुक्ल उत्तर प्रदेश बिहार संयुक्त समाज के अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मानसरोवर स्थित अंकुर मैरिज हाल में समाज के गोठ और दीपावली मिलन का समारोह सम्पन्न हुआ। उक्त समारोह में उत्तर प्रदेश बिहार संयुक्त समाज की डायरेक्टरी का भी विमोचन हुआ । समारोह में मुख्य अतिथि कॉंग्रेस के नेता विक्रम सिंह थे जिन्होंने डायरेक्टरी का विमोचन किया। समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे नें नए अध्यक्ष केशव शुक्ला का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समाज के मीडिया प्रभारी शैलेश नाथ सिंह नें बताया की आने वाले समय में जयपुर में समाज के सदस्यों के लिए सामुदायिक केंद्र और कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा ताकि जयपुर शहर में निवास कर रहे करीब 7 लाख प्रवासियों को लाभ मिल सके ।

### ■ स्कूलों का बदला समय

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य के सरकारी स्कूलों का सोमवार से समय बदल गया। शीतकालीन समय अनुसार स्कूलों का संचालन सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक होगा। इससे पहले स्कूलों का समय सुबह साढ़े सात बजे से एक बजे तक था। वहीं, मंगलवार से स्कूलों में दिवाली अवकाश शुरू हो गये। अब 1 नवंबर को स्कूल खुलेंगे।

### ■ महापौर ने किया इन्दिरा रसोई का उद्घाटन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को इन्दिरा रसोई का उद्घाटन महापौर मुनेश गुर्जर और उप महापौर असलम फारूखी ने किया। महापौर ने कहा कि निगम मुख्यालय के आसपास बाजार हैं। ऐसे में जरूरतमंद लोग यहां आकर आठ रुपए में खाना खा सकेंगे। उद्घाटन के बाद महापौर ने रसोई का निरीक्षण भी किया और खाद्य सामग्री को चैक किया।

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 21 को करेंगे जयपुर के सिटी पार्क का लोकार्पण

# 52 एकड़ जमीन पर 110 करोड़ की लागत से बना सिटी पार्क

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुराइट्स के लिए खुशखबरी हैं। जयपुर के मानसरोवर में बन रहे सिटी पार्क का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 21 अक्टूबर को लोकार्पण करेंगे। दो फेज में बन रहे इस पार्क के पहले फेज का लोकार्पण किया जाएगा। करीब 52 एकड़ जमीन पर बने इस पार्क में 110 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस पार्क के दोनों फेज बनने के बाद ये जयपुर का सेंट्रल पार्क के बाद दूसरा सबसे बड़ा पार्क बन जाएगा।

सेंट्रल पार्क और जवाहर सर्किल के बाद अब मानसरोवर सिटी पार्क के ट्रेक पर जयपुराइट्स हल्की मंद आवाज में म्यूजिक का आनंद लेते हुए दौड़ते हुए नजर आएंगे। जयपुर सोडाला एलीवेटेड के बाद मुख्यमंत्री गहलोत जयपुराइट्स को जयपुर के दूसरे बडे पार्क की सौगात देंगे। जयपुर के मानसरोवर में 52 एकड़ जमीन पर विकसित किए सिटी पार्क को फाइनल टच दे दिया गया है। अब सिर्फ मुख्यमंत्री गहलोत इस पार्क का फीता काटकर लोकार्पण कर जयपुराइट्स को सौंपेंगे। राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा के मुताबिक जयपुर में सेंट्रल पार्क के बाद जवाहर सर्किल है, जो दूसरा सबसे बड़ा पार्क है लेकिन अब मानसरोवर में सिटी पार्क के बनने के बाद ये दूसरा सबसे बड़ा पार्क बन जाएगा।

इस पार्क के पहले फेज में होर्टिकल्चर वर्क, सिविल वर्क, जॉगिंग ट्रेक आदि है। जबकि दूसरे फेज में एक बड़ा फाउंटेन स्क्वायर, 3 भव्य एंट्री प्लाजा, बॉटनीकल गार्डन, अपर लेक (वॉटर बॉडी), पार्किंग प्लेस और फूड कोर्ट शामिल हैं। इस पार्क में लोगों के लिए मॉर्निंग-इवनिंग वॉक के लिए 3.5 किलोमीटर मीटर का जॉगिंग ट्रेक बनाया है। वहीं सेंट्रल पार्क में जॉगिंग ट्रेक 4 किलोमीटर का है। इस पूरे वॉकिंग ट्रेक के किनारे म्यूजिक सिस्टम इंस्टॉल किए गए है, जहां सुबह-शाम हल्की मंद आवाज में म्यूजिक चलेगा। इसके अलावा दिनभर शहरवासी इस ट्रैक पर घूम सकेंगे। सिटी पार्क में 17 स्कल्पचर लगाए गए है, जो पार्क में आने वाले लोगों को आकर्षित करेंगे। इसके अलावा यहां चिल्ड्रन प्ले एरिया बनाया है, जहां बच्चे आसानी से खेल सकेंगे। इस पार्क में हाउसिंग बोर्ड ने अलग-अलग 32 प्रजाति के पेड़-पौधे लगाए हैं। इनमें देश-विदेश के यूनिक टॉपीयेरी टाइप के सजावटी पौधों के साथ कई फलदार व फूलदार और सजावटी पौधे लगाए गए है। सजावटी पौधों के साथ नीम, अर्जुन, पीपल, मीठा नीम, सीता अशोक, बांस, ईमली, टीक, कुसुम, सिल्वर ऑक, खजुर, रॉयल पाम, बालमखीरा, लाल-नीली, कदम, अमलतास, स्टार फ्रूट, गुलमोहर, शीशम, मोलसरी, बॉटल ब्रश, टर्मेनिलिया मेटालिका, पलास, टबेबुया, कनक चम्पा, चम्पा और फलदार पौधे लगाए गए है। वहीं छोटे फ्लॉवर शो एरिया में बनाए गए हैं।




इसके साथ ही मध्यम मार्ग से एक भव्य एंट्री गेट बनाया है, जहां बड़ा फाउंटेन भी लगाया है।यहां 5 से ज्यादा डिजाइन की लाइटें लगाई गई हैं। यहां 2 पार्किंग पैलेस बनाए है, जबकि एक एसटीपी बनाया है, सीवरेज के पानी को ट्रीट करके पार्क में सिंचाई के लिए उपयोग किया जाएगा। खास बात ये है की 65 मीटर सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इस ध्वज के पहले चरण का ट्रायल भी कर लिया गया है। आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोडा ने बताया की लाखों की आबादी के बीच बन रहे शहर के दूसरे सबसे बड़े पार्क का नजारा कुछ अलग ही होगा। लोकार्पण के बाद जनता के लिए इसके द्वार खोल दिए जाएंगे। मानसरोवर से सहित आस-पास की सैकड़ों कॉलोनियों के लोगों को घर के पास ही सेंट्रल पार्क और जवाहर सर्किल पार्क जैसा माहौल मिलेगा। यह पार्क 52 एकड़ में तैयार किया गया हैं। इसमें 75 फीसदी ग्रीन एरिया के अलावा जॉगिंग ट्रेक, वॉकिंग ट्रेक, वाटर बॉडीज, बॉटनीकल गार्डन, एंट्रेंस प्लाजा, फूड कोर्ट, पार्किंग सहित कई सुविधाएं विकसित की गई हैं।

बता दें कि सिटी पार्क में तीन प्रमुख गेट बनाए जा रहे हैं, जहां पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। अरोड़ा ने बताया की मुख्यमंत्री गहलोत और यूडीएच मंत्री धारीवाल ने आमजन के हित में बरसों से खाली पड़ी हाउसिंग बोर्ड की बेशेकीमती जमीन पर पार्क विकसित करने का निर्णय लिया था। इस पार्क में मुख्य प्रवेश मध्यम मार्ग से होगा, जहां बड़ा एंट्रेंस प्लाजा हैं।

### खण्डग्रास सूर्य ग्रहण का सूतक सुबह 4.31 बजे से

# दीपावली 24 को, गोवर्धन पूजा 26 को



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कार्तिक कृष्णपक्ष अमावस्या को दीपोत्सव का त्योहार मनाया जाता है। भारत के चार त्योहारों में दीपावली का अपना विशिष्ट स्थान है। इस दिन लक्ष्मी जी एवं गणेश जी की पूजा होती है। घरों को दीयों से सजाया जाता है। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि ब्रह्मपुराण में लक्ष्मी महारानी सद्गृहस्थों में विचरण करती हैं। इसलिए मकानों को सर्व विधि से शुद्ध, स्वच्छ एवं दीपों से रोशन कर दीपावली मनाने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती हैं। महिलाओं को अपने घर में दीपक लेकर त्वं ज्योतिः श्री रविचंद्रो विधात्सौसर्ण तारकाः। सर्वेषां-ज्योतिषा ज्योतिदीप ज्योतिः स्थितेङ नमः।। मंत्र से लक्ष्मी माता को जगाना एवं पूजना चाहिए।

आज भी गोवर्धन पूजा मगध की राजधानी की ब्रह्मकुंड क्षेत्र में राजा वसु द्वारा प्रतिष्ठापित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में लक्ष्मी जी की पूजा धूमधाम से मनायी जाती है। कार्तिक शुक्ल प्रतिपाद को भगवान के नैवेद्य में नित्य के नियमित पदार्थों के अतिरिक्त अनेक प्रकार के पकवान अर्पण किया जाता है। भगवान के भक्तों को भोजन कराकर शेष सामाग्री को वितरण किया जाता है।

### दीपावली के अगले दिन नहीं मनायी जायेगी गोवर्धन पूजा

पंडित गोपाल पाण्डेय ने बताया कि इस बार परंपरा के अनुसार दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा व अन्नकूट नहीं मनायी जायेगी। इस बार यह परंपरा टूटने वाली है। इस बार खंडग्रास सूर्यग्रहण है। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी युक्त प्रदोष व्यापिनी अमावस्या पर 24 अक्टूबर को दीपावली मनायेंगे। अगले दिन 25 अक्टूबर को खंडग्रास सूर्यग्रहण होगा। इस कारण गोवर्धन पूजा नहीं हो सकेगी। प्रभु को अन्नकूट का भोग नहीं लगेगा। 25 अक्टूबर को शाम 4:32 बजे सूर्यग्रहण शुरू होगा जो शाम 6:32 बजे तक रहेगा। ऐसे में सूतक 12 घंटे पहले यानी सुबह 4:31 बजे से शुरू होगा व शाम 5:57 बजे मोक्ष होगा। इस बार दीपोत्सव चार दिन का होगा। 23 अक्टूबर को धनतेरस व रूप चौदस मनाएंगे। 24 अक्टूबर को शाम को 5:27 बजे अमावस्या शुरू होगी। लेकिन दीपावली की पूजा सुबह से ही शुरू होगी। क्योंकि अगले दिन सूर्यग्रहण है।

# स्व. पं. शर्मा की श्रद्धांजलि सभा में उमड़े लोग



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष स्व. पं. भंवर लाल शर्मा विधायक, सरदारशहर को राजस्थान ब्राह्मण महासभा भवन विद्याधर नगर जयपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। प्रमुख महामंत्री सुरेश जोशी ने बताया कि श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु राजस्थान के शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, महाराज सोमेन्द्र विराटनगर, अर्चना शर्मा, अध्यक्ष समाज कल्याण बोर्ड, महेश शर्मा अध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड सहित अनेक विधायक, विभिन्न संस्थाओ के अध्यक्ष, सुभाष पाराशर कार्यवाहक अध्यक्ष, एस.डी.शर्मा, आर.एस.जैमनी, विक्षान्त शर्मा, ललित मिश्रा, विजय हरितवाल, एडवोकेट सुशील शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, सुरेश चन्द्र जोशी प्रमुख महामंत्री, मंजू शर्मा, पंकज पंचलंगिया एडवोकेट, एम.एल.शर्मा, जगन्नाथ शर्मा, शैलेन्द्र जोशी, घनश्याम शर्मा, गोविन्द जौहरी, बाबुलाल शर्मा, नवनीत पारीक, सत्यनारायण कांकर, मोहन शर्मा, रामवतार हेमाणी, मधुसुदन शर्मा युवाध्यक्ष, अरूणा गौड महिलाध्यक्षा, जी.के.गौड, महेश शर्मा, गोपाल शर्मा, कविता मिश्रा, बाबुलाल शर्मा सोडाला, उत्तम डुंडलोदिया, कैलाश चन्द पिपलाई, बिरदी चन्द शर्मा, महेन्द्र शर्मा, शिव कुमार भारद्वाज, एस.के.शर्मा, सौरभ दीक्षित सहित लगभग 8000 व्यक्तियों ने स्वर्गीय पं. भंवर लाल शर्मा को अश्रपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कार्तिक माह में सूर्य-चंद्र ग्रहण दोनों, देवदिवाली पर चंद्र ग्रहण

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** इस बार एक महीने के अंदर सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण दोनों लग रहे हैं। पं. गोपाल पाण्डेय ने बताया कि 24 अक्टूबर को शाम 5.04 बजे से अमावस्या तिथि आरंभ होकर 25 अक्टूबर मंगलवार की शाम 4.35 बजे तक रहेगी।

25 अक्टूबर मंगलवार को सूर्यग्रहण का नजारा दिखाई देगा। वहीं कार्तिक के महीने के आखिरी दिन पूर्णिमा गंगा स्नान पर 8 नवंबर मंगलवार को शाम 2:39 से 6:19 तक चंद्रग्रहण होगा। इसका सूतक प्रातः काल 8:00 बजे कर 29 मिनट से आरंभ हो जाएगा। इसीलिए गंगा स्नान करने के इच्छुक व्यक्ति 8:30 बजे से पहले पहले स्नान कर सकते हैं। इसके बाद सूतक काल और ग्रहण के कारण स्नान करना निषिद्ध है। ग्रहण को उपरांत रात्रि को स्नान कर सकते हैं। सूर्य ग्रहण की कुल अवधि मात्र चालीस मिनट की होगी। सायं 4.42 बजे से शुरु होकर सूर्यग्रहण संध्या समय 5.22 बजे समाप्त हो जाएगा। इस बार का सूर्य ग्रहण स्वाती नक्षत्र और तुला राशि पर लग रहा है, इसलिए इस राशि के लोगों को खास सावधानी बरतनी चाहिए। सूर्यग्रहण का सूतक बारह घण्टे पूर्व से ही आरंभ हो जाता है। इस अवधि में मंदिरों में प्रवेश करना, मूर्ति स्पर्श करना, भोजन करना व यात्रा आदि वर्जित है।

# चार दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** औषधि नियंत्रण संगठन ने जांच में अमानक पाई चार दवाइयों के अलग-अलग बैच की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये सभी दवाइयां जयपुर जिले के आमेर में चिमनपुरा की विवेक फार्माकेम की निर्मित हैं। इनमें आयरन सुक्रोज इंजेक्शन यूएसपी 5एमएल बैच नंबर आईएसआई 21019, सिप्रोफ्लोक्सेसिन टेबलेट आईपी 500एमजी बैच नंबर सीपीटी22004, बैच नंबर सीपीटी 2206 और बैच नंबर सीपीटी 22012 शामिल हैं।

# स्वच्छ घर-स्वच्छ शहर जागरूकता रैली कल

**जयपुर @ जागरूक जनता।** एएसजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा कल 20 अक्टूबर को "स्वच्छ घर ही नहीं-स्वच्छ शहर भी" जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। जयपुर सेंटर हेड डॉ. आशीष कुमार अग्रवाल, डॉ. भानु प्रताप सिंह, मार्केटिंग मैनेजर शेर सिंह, नरेंद्र सिंह ने बताया कि चिकित्सालय की ओर से आम जन में स्वछता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वच्छ घर ही नहीं-स्वच्छ शहर भी रैली का आयोजन देश के 19 राज्यों के 40 शहरों में एक साथ किया जाएगा। जयपुर में रैली सुबह 5 बजे से 8 बजे तक सिटी मॉल से प्रारम्भ होकर अहिंसा सर्किल, पटेल मार्ग होते हुए एम आई रोड, पांच बत्ती तक जाएगी। हॉस्पिटल में आंख से संबंधी सभी परकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है। यह उन मरीजों के इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है। जिन्के पास स्वास्थ्य बीमा, सीजीएचएस, ईसीएचएस आरजीएचएस कार्ड धरको, एवं सबी टीपीए / बीमा से अधिकृत है।

# विराज फाउंडेशन ने मनाया स्थापना दिवस



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विराज फाउंडेशन के 5 वर्ष पूर्ण होने पर श्री श्री 108 गिरधारी दास जी महाराज के सानिध्य में स्थापना दिवस मनाया गया। पं राम स्वरुप शर्मा व पं छोटी लाल शर्मा के द्वारा स्वस्तिवाचन कर मां गायत्री की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम में अतिथि मंजू शर्मा उपाध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड, प्रदीप शर्मा समाजसेवी, कर्नल रोहिताश यादव, अधिशासी अधिकारी देवेंद्र जिंदल, बजरंग सिंह काचरेडा आर्मी ऑफिसर, गोपाल शर्मा समाजसेवी, नगेंद्र विशिष्ट समाजसेवी आदि उपस्थित रहे।




ANCHOR कवि सम्मेलन 20 को

# पिंकसिटी प्रेस क्लब स्थापना दिवस समारोह आज से

**लाइट डेकोरेशन स्विच ऑन और प्रसिद्ध नृत्यांगना नेहा रोहिला की प्रस्तुतियों से होगा सुनहरा आगाज**

**21 को वरिष्ठतम पत्रकारों का सम्मान**



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब का पांच दिवसीय 31वां स्थापना दिवस समारोह 19 से 23 अक्टूबर तक क्लब परिसर में आयोजित होगा। समारोह का आगाज लाइट डेकोरेशन के स्विच ऑन एवं प्रसिद्ध नृत्यांगना नेहा रोहिला एवं पार्टी की रंगारंग प्रस्तुति के साथ होगा।

क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि समारोह कोषाध्यक्ष राहुल गौतम के संयोजन में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में 19 अक्टूबर को सायं 6 बजे फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन, लाइट डेकोरेशन स्विच ऑन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा वहीं 20 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। जिसमें लाफ्टर चैम्पियन सुरेश अलबेला के साथ लखनऊ और मेरठ के कवि काव्यपाठ करेंगे। 21 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठतम पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। 22 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम में नामचीन नृत्यांगना श्वेता गर्ग एवं गुलजार हुसैन अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

क्लब महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 23 अक्टूबर को पत्रकार सम्मान समारोह होगा। जिसमें बेस्ट प्रिंट मीडिया रिपोर्टर, बेस्ट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टर, बेस्ट फोटोजर्नलिस्ट, बेस्ट वीडियों जर्नलिस्ट, बेस्ट कार्टूनिस्ट अवार्ड, बेस्ट उपसम्पादक (डेस्क) अवार्ड वितरित किए जाएंगे। अवार्ड के लिए 1 अक्टूबर 2021 से 30 सितम्बर 2022 तक अखबार/न्यूज चैनल पर प्रकाशित एवं प्रसारित न्यूज, फोटो, न्यूज का वीडियो क्लीपिंग मय बायोडाटा के प्रविष्टियां आमंत्रित है।

### फोटो प्रदर्शनी होगी खास आकर्षण

स्थापना दिवस समारोह में फोटोजर्नलिस्ट एवं वीडियोजर्नलिस्ट कमेटी संयोजक विजेन्द्र जायसवाल के संयोजन में फोटोजर्नलिस्ट अपनी खास फोटोग्राफ्स को फोटो प्रदर्शनी के तहत प्रदर्शित करेंगे। 19 से 23 अक्टूबर तक यह प्रदर्शनी अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

शुभ दीपोत्सव



# अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता-गहलोत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कांग्रेस में चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इशारों में सचिन पायलट पर तंज कसा है। गहलोत ने कहा- जिन्हें बिना रगड़ाई पद मिल गए, वे देश में फितूर कर रहे हैं। जब कांग्रेस के अच्छे दिन आएंगे तो इनके दिन भी अच्छे आएंगे। कोई रोक नहीं सकता। अवसर मिलेंगे। जल्दबाजी जितनी करेंगे, उतनी ठोकर खाते रहेंगे। गहलोत अध्यक्ष चुनावों की वोटिंग के बाद प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- युवा शक्ति मेहनत कर सकती है, लेकिन अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता। अनुभव से ही गांव, कस्बा हो या पार्टी हो उसके आधार पर चलती है। युवाओं को तवज्जो नहीं मिलने पर कहा- जो लोग छोड़कर गए हैं, वे अवसरवादी लोग हैं। जो देश में फितूर कर रहे हैं। फितूर वे ही लोग कर रहे हैं, जिन्हें पहले मौका मिल गया।

### कांग्रेस के अच्छे दिन आएंगे तो इनके दिन भी अच्छे आएंगे

गहलोत ने कहा- नौजवानों को सब्र करना चाहिए। जब कांग्रेस के अच्छे दिन आएंगे तो इनके दिन भी अच्छे आएंगे। कोई रोक नहीं सकता। अवसर मिलेंगे। जल्दबाजी जितनी करेंगे। उतनी ठोकर खाते रहेंगे। उनके लिए संदेश सही है। हमने काम किया था, हम चुनाव हार गए थे। गहलोत ने कहा कि काम करते जाएंगे तो जब पार्टी के अच्छे दिन आएंगे। फिर इन्हें भी मौका मिलेगा। मेरी शुभकामनांए उनके प्रति हैं। आज संकट का वक्त है, जमकर काम करें, पार्टी में रहकर काम करने से मान-सम्मान बढ़ता है।

## सीएम के बयान: भाजपा कर रही वसुंधरा के साथ अन्याय पर दी प्रतिक्रिया

# गणपति द्वार 'राजे'

देव दर्शन यात्रा जारी
भगवान गणेश का आशीर्वाद मुझे मिला हुआ है, ये मेरा सौभाग्य

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की देव दर्शन यात्रा जारी है। मंगलवार सुबह उन्होंने जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंची। यहां उन्होंने पुष्य नक्षत्र के अवसर पर भगवान गणेश के विशेष अभिषेक महोत्सव में शामिल होकर दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा की। राजे ने महंत कैलाश शर्मा से आशीर्वाद भी लिया। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में राजे ने कहा भगवान गणेश का आशीर्वाद मुझे मिला हुआ है, ये मेरा सौभाग्य है। चाहे राजनीति की बात हो या किसी अन्य प्रोफेशन की, भगवान के प्रति आस्था के बिना कुछ नहीं होता, ये सभी को मान लेना चाहिए। हालांकि उन्होंने एक दिन पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की



ओर से दिए गए अन्याय वाले बयान पर कोई जवाब नहीं दिया।

### राजे के साथ हो रहा है अन्याय- गहलोत

गौरतलब है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सोमवार को हुए मतदान के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि, विपक्ष में होने से हमारी निन्दा करना उनका काम है। लेकिन वसुंधरा के साथ भाजपा जो कर रही है उसे ठीक नहीं कहा जा सकता। बड़े नेता उनसे मिलते नहीं, अपॉइंटमेंट नहीं देते यह सब ठीक नहीं है।

### पूनिया ने किया ट्वीट

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री के बयान वाले वीडियो को ट्वीट करते हुए मारवाड़ी लोकोक्ति में लिखा, 'डूंगर की बलती दिखै, पगां की बलती कोनी दिखै'। जिसका अर्थ है, 'पैरों के पास जलती आग नहीं दिखाई देती, दूर पहाड़ पर जलती हुई दिखाई दे जाती है।' वहीं इस लोकोक्ति का भावार्थ है, 'अपने दोष नहीं देखते हैं, दूसरों के दिखाई पड़ जाते हैं।'



## राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों से किया संवाद

# विद्यालय पुस्तकीय ज्ञान के साथ संस्कार-युक्त समाधान-केंद्रित शिक्षा प्रदान करें - राज्यपाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा स्थित दशा हूमड़ शिक्षण संस्थान से आए स्कूली बच्चों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ संस्कार-युक्त समाधान-केंद्रित शिक्षा देने का कार्य करें। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के अनुरूप जीवन को ढालें और राष्ट्र के लिए समर्पित होकर कार्य करें। राज्यपाल मिश्र से संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने राज्यपाल पद एवं राज भवन की कार्यप्रणाली सहित अलग-अलग विषयों पर सवाल पूछे। एक विद्यार्थी ने प्रश्न पूछा कि राजभवन में क्या होता है, इसके जवाब में उन्होंने बताया कि राज्यपाल दलगत राजनीति से परे संविधान का प्रतिनिधित्व करने वाला सर्वोच्च पद होता है।

उन्होंने कहा कि संविधान की पालना, उसकी मर्यादा के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अबाध निर्वहन को राज्यपाल सुनिश्चित करता है। राज्यपाल विधानसभा आहूत करता है और सरकार गठन के समय मंत्री परिषद को शपथ भी दिलाता है। एक अन्य विद्यार्थी ने प्रश्न किया कि राज्यपाल को नियुक्त कौन करता है? उन्होंने जवाब दिया कि राज्यपाल को राष्ट्रपति नियुक्त करता है। वही उसकी कार्य अवधि तय करता है। एक विद्यार्थी ने नागरिकों से राज्यपाल की अपेक्षाओं के बारे में सवाल पूछा। इस पर उन्होंने कहा कि नागरिक अपने अधिकारों के साथ संविधान प्रदत्त ग्यारह मूल कर्तव्यों के प्रति सजग रहे। लोकतांत्रिक देश के स्वतंत्र नागरिक के रूप में कैसे हम बेहतर भूमिका निभा सकते हैं, इस पर विचार करते सभी कार्य करें। दशा हुमड़ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने अंचल में संस्थान द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवी, संस्थान के शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आज से दिवाली की छुट्टियां, कैसे होगी चूहों से सुरक्षा

# स्कूलों में पहुंचा दूध पाउडर, नवंबर के पहले सप्ताह में योजना होगी शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के 67 लाख बच्चों को शुरू की जाने वाली बाल गोपाल दूध योजना नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगी। विभाग ने अभी तारीख तय नहीं की है।

मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलने के बाद तिथि निर्धारित की जाएगी। इससे पहले विभाग की ओर से राज्य के सरकारी स्कूलों में दूध पाउडर भेजा जा रहा है। स्कूलों में 15 से 20 ग्राम प्रति छात्र के हिसाब से पाउडर भेजा जा रहा है। कुछेक को छोड़कर अधिकतर सभी जिलों के स्कूलों में यह पाउडर भेजा जा चुका है। अधिकारियों के अनुसार योजना शुरू करने के लिए कम से कम 2 हजार टन मिल्क पाउडर की जरूरत है।

सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को यह दूध बच्चों को वितरित किया जाएगा। विभाग ने कहा है कि पाउडर का बचाव चूहों से किया जाए। इसके लिए इसे लोहे के बॉक्स में सुरक्षित रखा जाए। आज 19 अक्टूबर से दिवाली की छुट्टियां शुरू होंगी। स्कूलों के सामने परेशानी खड़ी हुई है कि अवकाश के दिनों में दूध पाउडर की सुरक्षा कैसे करेंगे।

## जागरूक खबरें

### होर्डिंग शुल्क में 7 दिन की छूट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** दिवाली पर बाजारों की सजावट करने वाले बाजारों में लगने वाले होर्डिंग पर ग्रेटर निगम राजस्व की वसूली नहीं करेगा। राजस्व शाखा की उपायुक्त शिप्रा शर्मा ने आदेश जारी किए। 20 से 26 अक्टूबर तक बाजारों की सजावट के दौरान लगाए जाने वाले होर्डिंग व अन्य सजावट करने पर निगम होर्डिंग शुल्क नहीं लेगा। साथ ही इन सात दिनों में यूडी टैक्स की भी वसूली नहीं करेगा।

### 910 मेगावाट क्षमता की यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य विद्युत उत्पादन निगम की यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। इनमें सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल की 660 मेगावाट और छबड़ा थर्मल की 250 मेगावाट की यूनिट शामिल है। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक आर. के. शर्मा ने बताया कि सूरतगढ़ पावर प्लांट की एक इकाई 13 मार्च को जनरेशन ट्रांसफार्मर के फेज में हुए ब्लास्ट के कारण बंद हो गई थी।

जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज द्वारा दिव्य प्रवचन
एवं मधुर संकीर्तन निम्न TV चैनल्स पर अवश्य श्रवण करें
Shreedharididi.in
निवेदिका: श्रीधरी दीदी



NEWS 18 इंडिया — प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 5:30 AM
न्यूज़ 24 — सोम-शुक्र (प्रातः) MON - FRI 5:30 AM
भारत समाचार — प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 6:50 AM
साधना — प्रतिदिन (प्रातः) EVERY DAY 8:15 AM
संस्कार — सोम-शनि (रात्रि) MON - SAT 8:30 PM

## चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा में लोगों को घर-घर जाकर जोड़ें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पात्र व्यक्तियों को घर-घर जाकर जोड़ें। योजना के तहत अधिकाधिक पंजीयन करवाए जाएं। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं में सुधार कर दवाइयों का वितरण सही समय पर किया जाए। जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों सहित डेंगू, चिकनगुनिया के प्रभावी रोकथाम करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत सीएमएचओ जयपुर प्रथम की प्रगति रिपोर्ट सही नहीं पाई गई। कलक्टर ने आगामी दिनों में प्रगति रिपोर्ट में सुधार करने के निर्देश दिए।

### दीपावली पर उपभोक्ता थोक भण्डार की ओर से मिलेगी शुद्ध मिठाईयां

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार की ओर से इस वर्ष भी दीपावली पर्व पर आमजन को शुद्ध मिठाईयां वाजिब दाम पर उपलब्ध कराई जाएगी। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने मिठाईयों के विक्रय दर के पोस्टर का सोमवार को विमोचन किया। श्री भट्ट ने मिठाईयों की गुणवत्ता के संबध में भण्डार महाप्रबन्धक आशुतोष भट्ट से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की।

### पासपोर्ट कार्यालय की तर्ज पर खुलेंगे मॉडल उप पंजीयक कार्यालय

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में पासपोर्ट कार्यालयों की तर्ज पर मॉडल उप पंजीयक कार्यालय जल्द शुरू होंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कुल 10 कार्यालय खोलने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इनमें जयपुर, जोधपुर, भिवाड़ी, बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, सीकर, भरतपुर एवं बाड़मेर में मॉडल उप पंजीयक कार्यालय स्थापित करने तथा कार्यालयों के लिए भवन उपलब्ध कराने संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने बजट वर्ष 2022-23 में दस्तावेजों के पंजीयन की व्यवस्था को विकेन्द्रीकृत करते हुए पासपोर्ट कार्यालयों की तर्ज पर जयपुर, जोधपुर और भिवाड़ी में मॉडल उप पंजीयक कार्यालय खोलने की घोषणा की थी। अब गहलोत ने इन 3 कार्यालयों के साथ ही नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए 7 अतिरिक्त उप पंजीयक कार्यालय खोलने की और सभी 10 कार्यालयों हेतु किराए के भवन लेने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से राजस्व अर्जन करने वाले विभिन्न विभागों के सुदृढ़ीकरण के लिए आधारभूत संरचनाओं एवं मानव संसाधनों का विकास होगा

## ग्रामीण ओलिंपिक खेलों में सीएम गहलोत ने की घोषणा

# स्टूडेंट्स को फ्री इंटरनेट के साथ टैबलेट देगी गहलोत सरकार

## 93 हजार स्टूडेंट को मिलेंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के 93 हजार होनहार स्टूडेंट्स को गहलोत सरकार 3 साल फ्री इंटरनेट के साथ स्मार्ट टैबलेट देगी। 8वीं, 10वीं और 12वीं में नंबरों के आधार पर होनहार बच्चों को टैबलेट बांटे जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ग्रामीण ओलिंपिक खेलों के स्टेट लेवल मुकाबलों की शुरुआत के मौके पर रविवार को एसएमएस स्टेडियम में इसकी घोषणा की।

गहलोत ने कहा- पिछले कार्यकाल में हमारी सरकार ने होनहार स्टूडेंट को लेपटॉप दिए थे। जिससे स्टूडेंट्स को आईटी की शिक्षा मिल सकी। पिछली सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया था। युवाओं के हित में हम फिर इस योजना को शुरू कर रहे हैं। बीते 3 साल में कोविड के कारण इनका वितरण नहीं हो सका, इसलिए करीब 93,000 बच्चों को इस साल टैबलेट बांटे जाएंगे।

इससे पहले दुनिया के इतिहास में पहली बार आयोजित हुए ग्रामीण ओलिंपिक का फाइनल मुकाबला आज से शुरू हो गया। तीन दिवसीय फाइनल मुकाबले की शुरुआत मुख्यमंत्री गहलोत ने की। इस दौरान राजस्थान के 33 जिलों की 330 टीमों के 3 हजार 696 खिलाड़ी मौजूद रहे। 3 दिन तक चलने वाले फाइनल मुकाबलों के बाद विजेता टीमों को 7 लाख 20 हजार रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके बाद शहरी ओलिंपिक 26 जनवरी से शुरू किया जाएगा।

ANCHOR
## मुख्य सचिव की विभिन्न देशों के राजदूत एवं उच्चायुक्त से मुलाकात

# विश्व पटल पर राजस्थान हो प्रमोट, प्रयास करेंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा से सोमवार को सचिवालय में विभिन्न देशों के राजदूत एवं उच्चायुक्त ने मुलाकात की। बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान को प्रमोट करने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



मुख्य सचिव से मोरक्को में भारत के राजदूत राजेश वैष्णव, बुल्गारिया में संजय राणा, आर्मीनिया में किशन दान देवल, दक्षिण सूडान में विष्णु कुमार शर्मा तथा नामीबिया में भारत के उच्चायुक्त प्रशांत अग्रवाल ने मुलाकात की। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा राजस्थान ने स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग सहित कई क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है, जिसको अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजदूतों व उच्चायुक्तों के माध्यम से राज्य की योजनाओं एवं नीतियों का प्रमोशन बेहतर तरीके से किया जा सकता है। बैठक में राजदूतों व उच्चायुक्तों ने मुख्य सचिव के साथ अपने अनुभव साझे किए। उल्लेखनीय है कि राजदूतों व उच्चायुक्त का दल दो दिवसीय राज्य के दौरे पर है। सोमवार को दल ने उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ एक जिला एक उत्पाद योजना व ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के साथ अमृत सरोवर योजना पर चर्चा की।

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SchoolMaster SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## सम्पादकीय

# हिन्दी में पढ़ाई

**नई** शिक्षा नीति के तहत देश ने पेशेवर शिक्षा भी हिंदी माध्यम से देने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। अब तक चिकित्सा शास्त्र की पढ़ाई सिर्फ अंग्रेजी में ही होती थी और उसकी किताबें अंग्रेजी में ही उपलब्ध हुआ करती थीं, लेकिन अब चिकित्सा के तीन विषयों की तीन किताबों का हिंदी में आना सुखद और ऐतिहासिक प्रगति है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत एमबीबीएस छात्रों के लिए हिंदी पाठ्य-पुस्तकों का अनावरण किया है। अपनी तरह के इस पहले कदम के तहत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के हिस्से के रूप में तीन विषयों, जैव रसायन, शरीर रचना विज्ञान और चिकित्सा शरीर क्रिया विज्ञान की हिंदी पाठ्य-पुस्तकों का विमोचन किया गया है। लगे हाथ, उन्होंने यह भी घोषणा की है कि इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और कानून की शिक्षा भी जल्द ही हिंदी में दी जाएगी। जाहिर है, हिंदी में ऐसी पहल को किसी हिंदीभाषी क्षेत्र के राज्य को ही अंजाम देना था और इसमें मध्य प्रदेश ने बाजी मार ली है।

पेशेवर या व्यावसायिक शिक्षा मातृभाषा या हिंदी में देने की चर्चा पुरानी है। संविधान निर्माताओं ने यही सोचा था कि आजादी मिलने के बाद के दो दशक में हिंदी समृद्ध हो जाएगी और अंग्रेजी अनिवार्य नहीं रह जाएगी। लेकिन यह सच है, हमारी सरकारों ने भाषा संबंधी बाधाओं से जूझने का जोखिम नहीं उठाया और अंग्रेजी स्वाभाविक ही सशक्त होती चली गई। हिंदी क्षेत्र में डॉक्टरी भले ही मातृभाषा में होती है, लेकिन पढ़ाई तो अंग्रेजी में ही होती आई है। जब अस्पतालों में डॉक्टर-मरीज संवाद हिंदी में होता है, तो डॉक्टरों का आपसी परामर्श या चिकित्सा कार्य अंग्रेजी में क्यों हो? इलाज भी अगर हिंदी में होगा, तो शायद ज्यादातर मरीजों को समझने में सुविधा होगी। अभी तो अनेक डॉक्टरों के हाथ से लिखी पर्ची को पढ़ना-समझना भी आसान नहीं है। हालांकि, हिंदी में पढ़ाई से एक खतरा यह है कि विदेश में नौकरी नहीं मिलेगी। शायद सरकार नीति के तहत ही ऐसा चाहती है कि देश के योग्य पेशेवर देश की सेवा में ही अपनी प्रतिभा का उपयोग करें। वैसे अगर भाषा को माध्यम बनाकर ब्रेन ड्रेन को रोकने का सपना देखा जा रहा है, तो इसमें बहुत सफलता नहीं मिलेगी। ब्रेन ड्रेन रोकने के दूसरे बेहतर तरीके हो सकते हैं। देश में अगर कार्य संस्कृति व वेतन-भत्ते को सुधार लिया जाए, तो बहुत सारे युवा या डॉक्टर, इंजीनियर ऐसे भी होंगे, जो विदेश से लौट आएंगे।

खैर, पेशेवर शिक्षा को हिंदी भाषा में प्रदान करने के मामले में हम पिछड़ गए हैं, लेकिन इसके लिए अभी कतई दुखी होने या अफसोस करने की जरूरत नहीं है। भारत अनेक भाषाओं का देश है और यहां हिंदी को किसी भी भाषा पर थोपा नहीं जा सकता, यह भारत की उदारता के विरुद्ध होगा। जो देश छोटे थे या जिन देशों ने तानाशाही की, वहां स्थानीय भाषा में पूरी शिक्षा संभव हो गई। वास्तव में, पेशेवर शिक्षा में पूरा जोर गुणवत्ता पर होना चाहिए। अगर हम अपने हर शिक्षण संस्थान में गुणवत्तापूर्ण डॉक्टर, इंजीनियर, वकील पैदा करने लगेंगे, तब जरूरी बदलाव लाने में हम सफल होंगे। गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए चलना होगा। फिलहाल, यह खुशी की बात है कि 10 हिंदीभाषी और गैर-हिंदीभाषी राज्यों ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की पुस्तकों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद शुरू कर दिया है। कुल मिलाकर, आने वाले समय में भारत में दस से ज्यादा भाषाओं में पेशेवर पढ़ाई की आजादी होगी और होनी भी चाहिए।

**इस वक्त भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की निगाह राहुल गांधी की पदयात्रा पर है। राहुल की यात्रा इतनी चर्चित नहीं होती और उत्सुकता पैदा नहीं करती, अगर उन्होंने सिरे से सारे पद नहीं लेने और सत्ता के प्रति निर्मोही होने का मजबूत एलान न किया होता।**

# पदयात्राएं दिलाती है पद, प्रतिष्ठा और पहचान



**शिव दयाल मिश्रा**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**पदयात्राओं ने हमेशा अपने यात्री को पद, प्रतिष्ठा और पहचान दी है, तो राजनीतिक पदयात्राओं ने सत्ता तक पहुंचाया है। सत्ता तो रथ यात्राओं से भी हासिल हुई है, लेकिन उनसे नफरत को भी कुछ बल मिला। ऐसी यात्राएं भी हुई हैं, जो सताए गए लोगों के पैरों के छाले देखने तथा भूखे लोगों की आवाज सुनने में नाकाम रही हैं।**



**भारत** ही नहीं, पूरी दुनिया में अनंत काल से पग यात्राएं चलती रही हैं। इंसान रोज अपने पैरों पर चलता है और उसकी यात्राएं ज्यादातर स्वार्थ तक सीमित रहती हैं। पदयात्राओं के भी विभिन्न रूप हैं, कोई पदयात्रा धार्मिक, कोई राजनैतिक तो कोई सामाजिक पदयात्रा। सभी का उद्देश्य उत्थान का होता है। इसी उत्थान के लिए पदयात्राएं प्रचलित हैं। पदयात्रा का अपना इतिहास है, वह अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग के नेतृत्व में अश्वेतों के अधिकारों के लिए हुई थी, जब 1960 के दशक में वह संघर्षरत थे। सन् 1965 में सेल्मा अल्बामा से मोंटगोमरी तक यात्रा निकली तथा अंततः अश्वेत अमेरिकी नागरिकों के साथ न्याय हुआ। भारत में अभिनेता सुनील दत्त ने आतंकवाद के खिलाफ पदयात्रा की, तो जापान जाकर परमाणु हथियार के खिलाफ भी। चंद्रशेखर की भारत यात्रा भी एक दौर में देश की उत्सुकता का कारण बनी, जब उन्होंने कन्याकुमारी से दिल्ली तक की यात्रा की। वैसे उसी समय इंदिरा गांधी की हत्या ने उनकी उस यात्रा का असर फीका कर दिया था, पर उसने उन्हें नेता के रूप में राष्ट्रीय फलक पर स्थापित कर दिया था, जिसके कारण आगे चलकर वह प्रधानमंत्री तक बने। आंध्र प्रदेश में वाई एस राजशेखर रेड्डी को पदयात्रा से सत्ता हासिल हुई, तो बाद में उनके पुत्र जगनमोहन रेड्डी को भी सत्ता में आगे बढ़ने का रास्ता मिला। सीमित मामलों में इंदिरा गांधी के काम आई ऐसी ही यात्रा 1977 के बाद, तो 2017 में दिग्विजय सिंह की नर्मदा यात्रा मध्य प्रदेश में कांग्रेस के काम आई। ऐसी तमाम पदयात्राएं होती रही हैं। अब राहुल गांधी पदयात्रा पर निकले हैं।

पदयात्राओं ने हमेशा अपने यात्री को पद, प्रतिष्ठा और पहचान दी है, तो राजनीतिक पदयात्राओं ने सत्ता तक पहुंचाया है। सत्ता तो रथ यात्राओं से भी हासिल हुई है, लेकिन उनसे नफरत को भी कुछ बल मिला। ऐसी यात्राएं भी हुई हैं, जो सताए गए लोगों के पैरों के छाले देखने तथा भूखे लोगों की आवाज सुनने में नाकाम रही हैं। अपनी यात्राओं के दौरान एकल प्रवचन करते, अपने मनचाहे शोर और स्वार्थ में डूबे नेता भी बहुत हैं, जबकि पदयात्रा विचार यात्रा होती है, जो परिवर्तनकारी होती है और गौतम बुद्ध से लेकर महात्मा गांधी व विनोबा भावे तक ने अपने-अपने स्तर की पदयात्राओं से समाज के लिए बहुत कुछ अर्जित किया है। महात्मा गांधी की चंपारण से शुरू हुई यात्रा 1930 के डांडी मार्च तक आते-आते पूरे भारत को संदेश दे चुकी थी और जन-जन को गांधीजी से जोड़ चुकी थी। इन यात्राओं ने अंग्रेजों को अजेय सत्ता से ही बेदखल नहीं किया, बल्कि पूरे विश्व को अहिंसा और सत्याग्रह नामक एक नया व बहुत असरदार राजनीतिक हथियार भी दे दिया। विनोबा भावे ने अपनी सीमित यात्रा में लाखों बेघरों को घर और भूखों को उन लोगों से रोटी का साधन दिला दिया, जिनके पास ज्यादा था।

इस वक्त भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की निगाह राहुल गांधी की पदयात्रा पर है। राहुल की यात्रा इतनी चर्चित नहीं होती और उत्सुकता पैदा नहीं करती, अगर उन्होंने सिरे से सारे पद नहीं लेने और सत्ता के प्रति निर्मोही होने का मजबूत एलान न किया होता। भारत के जन-सरोकारों से जुड़े मुद्दों को धारदार तरीके से उठाते हुए हर तरह की टूटन के खिलाफ और हर तरह के जुड़ाव के लिए उन्होंने खुद को झोंक न दिया होता। अगर एक यात्रा पूरी कर राहुल गांधी भी काम पूरा किए बिना अपनी पुरानी जिंदगी में जाकर रम जाते हैं, तो हो सकता है कि इसका तत्कालिक लाभ कांग्रेस को मिल जाए और उसे सत्ता भी हासिल हो जाए, पर ये बाकी पदयात्राओं की श्रेणी में से ही एक होकर रह जाएगी और फिर बहुत दिनों के लिए पदयात्राओं का आकर्षण खत्म हो जाएगा। कई बार देखा गया है कि नेता अपनी बढ़त या चर्चा बनाए नहीं रख पाते हैं, क्योंकि उनकी सोच सीमित होती है। आगे राहुल गांधी के सामने भी यह चुनौती रहेगी। प्रत्यक्ष रूप से तो यही दिख रहा है कि राहुल गांधी सत्ता के मोह से दूर अपने बौद्धिक चिंतन के साथ एक बड़ा इरादा व मजबूत समर्पण लेकर चल रहे हैं। अगर यह यात्रा अंतिम नहीं, बल्कि बापू की तरह परिणाम हासिल करने तक निरंतर चलती रही और देश के कोने-कोने व जन-जन को उद्वेलित कर जोड़ने में कामयाब रही, तो फिर यह पदयात्रा नहीं, बल्कि 'पथयात्रा' हो जाएगी। समय इस बात का जवाब देगा कि राहुल पदयात्रा तक सीमित रहते हैं या पथयात्रा पर चल पड़ते हैं।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं)*

# अपने हृदय में कृतज्ञता का दीपक जलाएं



**प्रतिभा मिश्रा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**हर** वर्ष इस समय पर विश्वभर में लोग प्रकाश का महोत्सव मनाते हैं। पूर्व में होने वाले सबसे बड़े उत्सवों में से एक दिवाली, बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश एवं अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। एक दीपक को जलाने के लिए बाती का तेल में आंशिक रूप से डूबे रहना आवश्यक है। यदि बाती तेल में पूर्ण रूप से डूबी रहेगी, तो दीया नहीं जलेगा। जीवन दीये की बाती की तरह है। आपको संसार में रहते हुए भी, इसमें होने वाली घटनाओं से अप्रभावित रहना चाहिए। यदि आप संसार की भौतिकता में डूब जाते हैं, तो आपके जीवन में आनंद और ज्ञान का उद्भव नहीं होगा। संसार में रहते हुए भी यदि आप भौतिकता में नहीं उलझते, तब आप आनंद और ज्ञान का प्रकाश बन जाते हैं। दिवाली हमारे जीवन में ज्ञान रूपी प्रकाश के स्मरण का उत्सव है। इस दिन केवल घर को सजाने के लिए ही दीये नहीं जलाए जाते, बल्कि जीवन के गहन सत्य को जानने का प्रयास भी किया जाता है।

प्रत्येक हृदय में ज्ञान एवं प्रेम का दीपक जलाएं और प्रत्येक चेहरे पर एक सुंदर मुस्कान लाएं। दिवाली को दीपावली भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है, दीयों की पंक्तियां। जीवन के कई पहलू और अवस्थाएं हैंऔर जीवन को पूर्ण रूप से अभिव्यक्त करने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप जीवन के प्रत्येक पहलू और अवस्था पर प्रकाश डालें। दीयों की पंक्तियां आपको याद दिलाती हैं कि जीवन के प्रत्येक पहलू पर आपको ध्यान देने और ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ अच्छे गुण होते हैं। और, वह प्रत्येक दीया, जो आप जलाते हैं, इसका प्रतीक है। कुछ लोगों में सहनशीलता होती है; कुछ लोगों में प्रेम, शक्ति और उदारता होती है, जबकि अन्य लोगों में दूसरों को एक साथ लाने की योग्यता होती है। आप में अव्यक्त मूल्य एक दीये की भांति होते हैं। केवल एक दीया जलाकर ही संतुष्ट न हो जाएं; बल्कि हजारों दीपक जलाएं! अज्ञान के अंधकार को मिटाने के लिए, आपको बहुत सारे दीये जलाने की आवश्यकता है। स्वयं में ज्ञान का दीपक जलाकर और ज्ञान का संग्रह करके, आप अपने अस्तित्व के सभी पहलुओं को जागृत कर सकते हैं। जब अस्तित्व के ये पहलू जागृत हो जाते हैं, तभी दिवाली है। दिवाली का अर्थ है– वर्तमान में रहना। तो, भूतकाल के पछतावे और भविष्य की चिंताओं को छोड़ दीजिए और वर्तमान में रहिए। यह समय सभी क्लेश और नकारात्मकताओं को भुला देने का है, जिन्होंने वर्षभर हमें परेशान किया। यह समय उस ज्ञान पर प्रकाश डालने का है, जो आपने प्राप्त किया और फिर एक नई शुरुआत का स्वागत किया। जब सच्चे ज्ञान का उदय होता है, तब उत्सव का आरंभ होता है। प्राचीन ऋषियों ने प्रत्येक उत्सव के साथ पवित्रता को जोड़ दिया, ताकि कार्य करने की व्यस्तता में भी आपका मन केंद्रित रहे। धार्मिक संस्कारों और अनुष्ठानों का उद्देश्य ईश्वर के प्रति अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करना है। इससे उत्सव में गहराई आती है। इस परंपरा का उद्देश्य यह है कि आप अर्जित की हुई अपनी सारी संपत्ति को अपने सामने रखें और प्रचुरता का अनुभव करें। जब आप अभाव अनुभव करते हैं, तो यह अभाव बढ़ने लगता है।लेकिन, जब आप अपना ध्यान प्रचुरता पर केंद्रित करते हैं, तो प्रचुरता बढ़ने लगती है। अर्थशास्त्र में चाणक्य कहते हैं, 'धर्मस्य मूल अर्थ', जिसका अर्थ है कि धर्म ही समृद्धि का मूल है।

एक व्यक्ति, जिसके पास आध्यात्मिक ज्ञान नहीं है, उसके लिए दिवाली वर्ष में एक बार आती है। लेकिन,बुद्धिमान व्यक्ति के लिए प्रत्येक क्षण और प्रत्येक दिन दिवाली है। ज्ञान की आवश्यकता हर जगह है। यदि परिवार का एक व्यक्ति अंधकार में डूबा हुआ है, तो हम खुश नहीं रह सकते हैं। हमें परिवार के प्रत्येक व्यक्ति के भीतर ज्ञान का प्रकाश जगाने की आवश्यकता है। इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए, हमें इस प्रकाश को समाज और संसार के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

## कविता

### शिक्षा



**अन्नू**
स्टूडेंट
@jagrukjanta.net

शिक्षा है अधिकार हमारा, शिक्षा से है जीवन सारा,
शिक्षा से मिलता सम्मान हमें,
बिना शिक्षा के कुछ नहीं है,
शिक्षा पाकर कुछ बन पाओगे
अपने पांव पर खड़े हो पाओगे,
शिक्षा से करोगे रोशन उजियारा शिक्षा मिले सभी को है प्रयास हमारा,
हर घर अगर शिक्षित होंगा।
तभी बनेगा जीवन सफल हमारा। शिक्षा से बढ़कर कोई धन नहीं है,
सद्गुणों का आधार है शिक्षा।
सारे अवगुण धोती शिक्षा,
चाहे कितना पढ़ ले हम पर
कभी ना होती पूरी शिक्षा,
जबतक शिक्षित ना होगा समाज हमारा,
मुश्किल हो जाएगा सबका गुजारा इसीलिए
आओ शिक्षा का महत्व समझे हम।
इसीलिए पूरे मानव समाज को
शिक्षित करें हम।
सबको हम यह बतला आएंगे शिक्षा है,
आधार हमारा शिक्षा है जीवन सारा।

*( ये लेखक के अपने विचार है)*

## ओपिनियन

# चूहों में मानव दिमाग



**सी.पी. शर्मा**
शिक्षाविद्
@jagrukjanta.net

**मानव** दिमाग या मस्तिष्क अभी भी कुछ हद तक रहस्य का विषय है और उसकी खोज में वैज्ञानिकों की एक बड़ी जमात लगी हुई है। इसी खोज के तहत पहली बार मानव मस्तिष्क के एक छोटे हिस्से को चूहों में लगाने में कामयाबी मिली है। इससे पहले भी ऐसे ही प्रयोग की कोशिशें हुई थीं, लेकिन चूहों के शरीर या दिमाग ने मानव हिस्से को स्वीकार नहीं किया था। नैतिकता को लेकर भी बहस तेज हो जाएगी, लेकिन इसमें गौर करने की बात यह है कि मस्तिष्क किसी जीवित या मृत मानव से नहीं लिया गया है। प्रयोगशाला में विकसित मानव मस्तिष्क के ऊतकों के छोटे-छोटे या कुछ मिलीमीटर व्यास के हिस्सों को चूहे के दिमाग में प्रत्यारोपित किया गया है। इसे स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मानव स्टेम कोशिकाओं को ऊतक के त्रि-आयामी गुच्छों में विकसित करके तैयार किया है। ब्रेन ऑर्गेनॉइड कहे जाने वाले इन सरलीकृत दिमागी संरचनाओं में वास्तविक मानव मस्तिष्क की कुछ कोशिकाएं और गुण मौजूद हैं, जो चूहों के विकास व तंत्रिका संबंधी संरचना पर असर डाल सकते हैं।

यह बड़ी कामयाबी है कि इस बार प्रयोग ने काम किया है। ऑर्गेनॉइड ने जानवरों के मस्तिष्क सर्किट के साथ संबंध बना लिए हैं, आने वाले दिनों में चूहों पर इसका असर दिख सकता है। बताया जाता है कि स्टैनफोर्ड की टीम ने मानव कोशिकाओं के समूहों को नवजात चूहों के सोमैटोसेंसरी कॉर्टिस में प्रत्यारोपित किया, यह दिमाग का वह हिस्सा होता है, जो पूरे शरीर से संवेदी सूचनाओं, जैसे स्पर्श इत्यादि को संसाधित या 'प्रोसेस' करता है। मानव मस्तिष्क ने चूहों के मस्तिष्क के एक तिहाई हिस्से पर कब्जा कर लिया है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार, वैज्ञानिक उन चूहों का गहराई से अध्ययन कर रहे हैं। इससे मस्तिष्क पर हो रहे प्रयोगों को बहुत बल मिलने वाला है। वैज्ञानिकों की इस टीम ने अपने पहले के प्रयोग में देखा था कि मानव हिस्सा चूहों में सफलतापूर्वक परिपक्व नहीं हो पाया। इसलिए इस बार मानव मस्तिष्क के हिस्से को चूहों की संरचना के अनुरूप ही तैयार किया गया। नवजात चूहों पर यह प्रयोग किया गया है और प्राप्त सफलता साफ बताती है कि इस तरह का प्रयोग वयस्क हो चुके मस्तिष्क पर अभी कामयाब नहीं होगा। किसी वयस्क मस्तिष्क में ऐसे प्रयोग को कामयाब बनाने में वैज्ञानिकों को और मेहनत करने की जरूरत पड़ेगी।

स्टैनफोर्ड के शोधकर्ताओं ने अपने कुछ ऑर्गेनॉइड को टिमोथी सिंड्रोम के रोगियों से ली गई कोशिकाओं से विकसित किया है, यह एक गंभीर आनुवंशिक बीमारी है। अगर प्रयोगशाला में पलने वाले चूहों में इस बीमारी के प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है, तो फिर अन्य दिमागी रोगों के अध्ययन में भी लाभ मिलना तय है। अभी मानव मस्तिष्क पर सीधे काम करना या प्रयोग करना खतरे से खाली नहीं है, इसलिए वैज्ञानिकों ने मानसिक रोगों के अध्ययन में चूहों से सहयोग लेना तय कर रखा है। चूहों के मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय गया है, जो इनाम चाहते हैं। खैर, मानव मस्तिष्क के मटर से भी छोटे आकार के हिस्से का प्रयोग हो रहा है। एक आशंका यह भी है कि प्रयोग चूहों के हित में नहीं है और चूहों में अवांछित असर भी दिख सकता है। बहरहाल, वैज्ञानिक प्रमाण खोज रहे हैं, चूहों पर बुरा असर हुआ, तो विवाद होगा, लेकिन अगर चूहों पर सामान्य असर हुआ और चिकित्सा विज्ञान समृद्ध हुआ, तो पूरी दुनिया स्वागत करेगी।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



मं ब्रम्ह, जीव और माया
एक अविनाशी शक्ति सूक्ष्माति सूक्ष द्रव्य जिससे सृष्टि का प्रारम्भ होता है ब्रम्ह है। परमात्मा और भगवान ब्रम्ह के ही पर्यायवाची शब्द है। ऊँ शब्द पूरा उसी का निरूपण किया गया है।
ब्रम्ह ईश्वर है और जीव जगतहै माया। ब्रम्ह सत्य है, माया अनित्य है। ब्रम्ह निराकार है। अदृश्य है, माया अदृश्य है। ब्रम्ह क्या है सा मुंह से नहीं कहा जा सकता। सभी चीजें जूठी हो गई है। वेद पुराण तंत्र दर्शन आदि सब मुंह से उच्चारित हुये हैं। इसलिए जूठे है। केवल एक वस्तु जूठी नहीं हुई है- वह वस्तु है-ब्रम्ह। ब्रम्ह क्या है यह आज तक कोई मुंह से नहीं कह सका। एक पिता के दो लड़के थे। ब्रम्ह विद्या सीखने के लिए गुरू के पास गये। कुछ वर्ष बाद वे पढ़कर घर आये आकर पिता को प्रणाम किया। पिता ने बड़े बेटे से पूछा, विद्या पढ़कर आये हो बताओ ब्रम्ह कैसे हैं। लड़का वेदों से बहुत से श्लोक सुना सुनाकर ब्रम्ह का स्वरूप समझाने लगा। पिता चुप रहे। अब उन्होंने छोटे पुत्र से पूछा तो वह सिर झुकाये चुप रहा। मुंह से बात नहीं निकली। तब पिता ने प्रसन्न होकर छोटे पुत्र से कहा... पुत्र तुम्ही ने कुछ समझा है। मनुष्य सोचता है हम ईश्वर को जान गये हैं। यह सोचना एक चींटी की तरह है जो चीनी के पहाड़ के पास चीनी लेने गई थी। एकदाना खाकर उसका पेट भर गया। एक दूसरा दाना अपने मुंह में लिये डेरे को जाने लगी। जाते समय सोच रही थी अबकी बार समूचे पहाड़ को ले जाऊंगी। क्षुद्र जीव यही सब सोचते हैं। वे नहीं जानते कि ब्रह्म वाक्य और मन के अतीत है। **क्रमशः**

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



तनिष्का डॉटर डॉ. आशा-डॉ. रमेश कस्वां, सीकर

# मंदी में नहीं हिन्दुस्तान



**सी.पी. अग्रवाल**
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net

**दुनिया** आर्थिक मंदी के हालात से गुजर रही है, जबकि भारत की स्थिति अभी भी तुलनात्मक रूप से अच्छी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने भारत के आर्थिक विकास अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। अभी भारत की चुनौतियों में मुद्रास्फीति, सख्त वित्तीय स्थिति, यूक्रेन पर रूस के हमले और कोविड महामारी का असर शामिल है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं की कीमतों के चलते महंगाई बनी रहेगी। सख्त मौद्रिक नीति का असर ऋण पर पड़ सकता है। हम देख रहे हैं कि महंगाई को नियंत्रित करने के प्रयासों के चलते ऋण संकट भी बढ़ रहा है। ऋण लेन-देन में कमी नहीं आनी चाहिए। आईएमएफ ने आगाह किया है और हमें मौद्रिक नीति के संबंध में फूंक-फूंककर कदम रखने चाहिए।

भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार चाहे जितनी कोशिश कर ले, दुनिया में जब मंदी का असर बढ़ेगा, तो भारत भी अछूता नहीं रहेगा। हमारी विशाल आबादी और उसमें युवाओं की बड़ी भूमिका की वजह से भी हम मंदी से अब तक बचते आ रहे हैं और साल 2008 में आई मंदी ने भी हमें कम सताया था। यह सुखद बात है कि हमारी विकास दर में अनुमानित गिरावट के बावजूद भारत 2022 और 2023 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शुमार रहेगा। ध्यान रहे, साल 2022 में चीन की विकास दर धीमी होकर 3.2 प्रतिशत और 2023 में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने संकेत दिया है कि चीनी अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता बनी रहेगी। यह भी ध्यान रहे कि चीन सहित दुनिया में संपत्ति बाजार भी मुश्किल में है। आवास या संपत्ति बाजार जब-जब मुश्किल में आता है, उससे जुड़े कम से कम 100 तरह के व्यवसायों पर असर पड़ता है। संपत्ति बाजार के मोर्चे पर भारत में भी कुछ असर होगा, लेकिन हालात बहुत खराब नहीं होंगे। जोखिम के पूरे आकलन के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने वित्त वर्ष 2024 में भारत के लिए पूर्वानुमान को 6.1 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। अगस्त में जारी भारत के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण क्षेत्र के निराशाजनक प्रदर्शन के चलते अप्रैल-जुलाई में अर्थव्यवस्था उम्मीद से काफी कम 13.5 फीसदी की दर से बढ़ी है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि विश्व बैंक ने गत सप्ताह साल 2022-23 के लिए भारत के विकास के अनुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है, जबकि एशियाई विकास बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुमान घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। मतलब, जब विश्व में 3.2 प्रतिशत की दर से विकास होगा, तब भी भारतीय विकास दर दोगुनी रहेगी। क्या यह हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है? वास्तव में, समग्र आकलन में भारत की स्थिति ठीक है और भारत तेजी से विकास कर रहा है, लेकिन भारत में एक आबादी ऐसी भी है, जहां तक विकास का पूरा लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। भारत की असली चिंता यही है। ऐसा होना नहीं चाहिए, किसी की विकास दर आसमान छुए और किसी की विकास दर नकारात्मक हो जाए! वैश्विक वित्तीय संस्थाओं के अनुमानों को ध्यान में रखते हुए भारतीय कर्णधारों को अपनी आर्थिक नीति पर ध्यान देना चाहिए। हमारी सफलता इसमें नहीं है कि हम अनुमानित विकास दर को हासिल करें। भारत की जरूरतें बहुत ज्यादा हैं और क्षमता के अनुरूप भारत अगर प्रदर्शन करे, तो मुश्किल समय में दुनिया के लिए आदर्श बन सकता है।

***(ये लेखक के अपने विचार है)***

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।
jagrukjantanews@gmail.com
सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## प्रदेश में जल्द लागू हो जवाबदेही कानून-शर्मा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जवाबदेही कानून लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर यह लागू होता है तो आम जनता को राहत मिलेगी। यह कहना है भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा (रींगस) का। शर्मा कहा कहना है कि प्रदेश में अधिकांश अधिकारी, कर्मचारी सरकार की योजनाओं के लाभ आम आदमी तक नहीं पहुंचाते हैं और आम आदमी ऑफिस में चक्कर लगाते रहते हैं। कार्य पूरे नहीं हो पाते। ऐसे में जवाबदेही कानून लागू होता है तो आम जनता के लिए राहत की बात होगी। अधिकतर मामलों में राजस्थान पुलिस द्वारा प्रदेश की आम जनता की सुनवाई नहीं होती है। राजस्थान में एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है, फिर भी कई मामलों में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की जाती। जवाबदेही कानून लागू होने के बाद में अधिकारियों पर जिम्मेदारी बढ़ेगी जिम्मेदारी बढ़ेगी तो अधिकारी अच्छे से काम करेंगे और अधिकारी जब अच्छे से काम करेंगे तो नीचे एक कर्मचारी को कार्य करना ही होगा।

## भगवा रक्षा दल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश में भगवा रक्षा दल द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि विनोद त्यागी राष्ट्रीय महासचिव भगवा रक्षा दल एवं सर्वेश त्यागी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवा रक्षा दल, बृजकिशोर त्यागी प्रदेश अध्यक्ष भगवा रक्षा दल दिल्ली प्रदेश थे। इस मौके पर जिले के सभी पदाधिकारियों ने विनोद त्यागी राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में त्यागी द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को दल की विचारधारा से अवगत करवाया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया।

## नव प्रवेशित छात्रों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**चित्रकूट @ जागरूक जनता।** भारत रत्न नानाजी देशमुख के द्वारा स्थापित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय देशभर में ग्रामीण विकास के स्वप्न को साकार कर ग्राम स्वराज्य की स्थापना के उद्देश्य से जाना जाता है। यहां विभिन्न प्रकार के संकाय छात्रों के लिए उपलब्ध है जिनमें से एक प्रबंधन संकाय जाना जाता है। प्रबंधन संकाय के छात्रों द्वारा नव प्रवेशित छात्रों का उन्मुखीकरण बहुत ही उल्लास के साथ किया गया इस उन्मुखीकरण में बीकॉम बीबीए एमबीए के छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो. भरत मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। इस मौके पर प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रो अमरजीत सिंह, विभाग अध्यक्ष डॉ चंद्र प्रकाश गुर्जर, डॉ राजेश त्रिपाठी, डॉ सौम्या सिंह, डॉ शोभा सिंह, आकृति पांडे, पावनी पांडे, शिवम शर्मा, राजीव तिवारी, विपिन द्विवेदी, शुभम सिंह आदि शिक्षक गण मौजूद रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## अभिनेता विवेक ऑबेरॉय के आई-30 लर्निंग सेन्टर से इनोवेशन कोचिंग का टाईअप

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आई-30 लर्निंग सेन्टर के फाउण्डर एंड सी एस ओबॉलीवुड एक्टर विवेक ऑबेरॉय की कोचिंग से जयपुर प्रसिद्ध इनोवेशन कोचिंग का टाईअप हुआ है। कोचिंग के स्टुडेंट्स को अबनीट, जेईई व प्री फाउण्डेशन के ऑनलाईन एवं ऑफलाईन क्लासेज में देश की ख्यातनाम फैकल्टी से पढ़ने और नई तकनीक सीखने का मौका मिलेगा। बीते दिनों इनोवेशन कोचिंग एवं आई-30 लर्निंग सेन्टर ने मिलकर शुभारम्भ किया। जिसमें आई-30 के प्लेटफॉर्म के जरिए हम स्टुडेंटस को टेक्निक आंत्रप्रेन्योरशिप के साथ ही अंतराष्ट्रीय स्तर की एजुकेशन से जोड़ रहे है । आई-30लर्निंग के देशभर में 200 सेंटर है। आई--30 लर्निंग सेन्टर के फाउण्डर एंडसीई ओकर्नल राजेन्द्र प्रसाद नडेला ने बताया की 21वीं सदी तकनीक और स्मार्ट वर्क करने की है। ऐसे मे हमआई-30 लर्निंग सेंटर के जरिए ऐसी तकनीक देश के स्टुडेंट्स को नए प्लेटफॉर्म नीट, जेईई और प्री फाउण्डेशन के रिजल्ट में बेहतर ग्रोथ होगी। इनोवेशन कोचिंग के डायरेक्टर विशाल पालीवाल ने खुशी जाहिर करते हुये बताया कि हम आई-30 लर्निंग सेन्टर के साथ मिलकर जयपुर कीशिक्षाको एक नई दिशा देगें। जैसा की इनोवेशन का इतिहास रहा। पिछले 14 वर्षो में 6 बार प्रदेश में पीएमटी में प्रथम स्थान दिया। पुनः हम उन्ही उचाईयों को छूयेंगें इस अवसर पर आई-30 लर्निंग सेन्टर के चीफटेक्निल ऑफीसर प्रेमकिरण नडेला, चीफ बिजनीस ऑफीसर डॉ विजय अरोरा, इम्पल्स कोचिंग के डायरेक्टर महावीर हुड्डा, उनकी पत्नी डॉ. मंजु हुड्डा, एपीस एनडीए एकेडमी डायरेक्टर पवन चौधरी एवं इनोवेशन कोचिंग के डारेक्टर ऑपरेशन संजय जायसवाल एवं हिमांश दुबे आदि लोग उपस्थित रहे और सभी ने नई पहल की सराहना की। ओबेरॉय का स्वागत पूजन समारोह ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री द्वारा करवाया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए

# 26वें भामाशाह पुरस्कार में हिन्दुस्तान ज़िंक को 7 पुरस्कार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान ने 26वें भामाशाह पुरस्कारों में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, पहल और परियोजनाओं के लिए सात पुरस्कार प्राप्त किए। भामाशाह पुरस्कार हिंदुस्तान जिंक के चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर, जिंक स्मेल्टर देबारी, राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स, जवार माइन्स, रामपुरा आगुचा माइन, कायड माइन और केंद्रीय सीएसआर टीम प्रधान कार्यालय को शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक योगदान के लिए प्रदान किया गया।

ये पुरस्कार टैगौर इंटरनेशनल स्कूल के दीप स्मृति सभागार में शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी स्कूल एजुकेशन पवन कुमार गोयल, मोटर गैराज मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, शिक्षा राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग, समसा के निदेशक मोहन लाल यादव, निदेशक शिक्षा गौरव अग्रवाल सहित गणमान्य उपस्थित थे। हिन्दुस्तान ज़िंक की ओर से राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स के मुख्यकार्यकारी अधिकारी विनोद जांगिड एवं सीएसआर हेड भुवनेश कुमार, रामपुरा आगुचा के मुख्यकार्यकारी अधिकारी किशोर कुमार एस, सीएसआर हेड अभय गौतम, कायड माइन के हेड केसी मीणा एवं हेड सीएसआर विवेक कुमार सिंह, चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के सीएसओ अनुप केआर एवं सीएसआर अधिकारी स्वेतलाना साहु, ज़िंक स्मेलटर देबारी से हेड सीएसआर अधिकारी अरूणा चीता एवं राधिका खिरिया, प्रधान कार्यालय से सीएसआर अधिकारी रूचिका चावला, जावर माइंस से ऑपरेशन हेड राममुरारी एवं महेश माथुर ने यह पुरस्कार प्राप्त किये। हिंदुस्तान जिंक ने हमेशा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देते हुए उन्हें सफलता हेतु हर संभव सहायता प्रदान की है। ये पुरस्कार शिक्षा क्षेत्र के प्रति हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और ग्रामीण समुदायों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को सक्षम कर साक्षरता के लिए की गई सीएसआर पहल की विश्वसनीयता को और मजबूत करती है। हिन्दुस्तान ज़िंक की इकाईयों द्वारा करीब 52.53 करोड की राशि व्यय की गयी। चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर ने 13.16 करोड़ की राशि व्यय कर राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत का जन्मदिवस

## शिविर में 500 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष बी एस रावत के जन्मदिवस के अवसर पर रावत ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रावत एजुकेशनल ग्रुप, अक्षेंद्र वेलफेयर सोसाइटी एवं राजस्थान उत्तराखंड सभा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के संयोजक रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने बताया की प्रतिवर्ष रावत के जन्मदिवस पर इस विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को रक्त की जरूरत होने पर उनकी मदद करना है। रक्तदान कार्यक्रम से पूर्व कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं केक काटा गया। कार्यक्रम में रावत ग्रुप के सभी ब्रांचेस, रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल विवेक विहार, मानसरोवर, रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर,भांकरोटा सहित समस्त रावत ग्रुप ऑफ कॉलेज के स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों ने भी आगमन किया एवं रावत को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र सिंह रावत एवम कार्यक्रम के सूत्रधार डॉक्टर विकास रावत ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सदी के सबसे बड़े जैन पंचकल्याणक का आयोजन

# 1143 प्रतिमाओं की होगी प्राण प्रतिष्ठा

16 स्वप्नों के दिखाए जाएंगे मनोरम दृश्य



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पूज्य कानजी स्वामी की प्रेरणा से निर्मित, ज्ञान प्रचार में सदैव अग्रणीय दिगम्बर जैन धर्म की सुप्रसिद्ध संस्था पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर के निर्देशन में कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन शासन प्रभावना ट्रस्ट के द्वारा आध्यात्मिक सत्पुरुष कानजी स्वामी के पुण्य प्रभावना योग में नवनिर्मित विशालतम जिनालय ढाईदीप जिनायतन इंदौर में सदी के सबसे बड़े ऐतिहासिक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा हैं। जिसमें 1143 दिगम्बर जिनबिम्बों की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

20 जनवरी शुक्रवार से गुरुवार 26 जनवरी 2023 तक संपन्न होने वाला आदिनाथ दिगंबर जैन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव जैन समाज का एक आदर्श एवं अनुकरणीय पंचकल्याणक होगा। यह पंचकल्याणक जैन समाज में संपन्न में सभी पंचकल्याकों में सबसे महान एवं विशाल होगा। यह महापंचकल्याणक 20 तारीख से प्रारंभ होगा। जिसके प्रथम दिन गर्भ कल्याणक की पूर्व प्रक्रिया स्वरूप 16 स्वप्नों के मनोरम दृश्य दिखाए जाएंगे। 21 तारीख को भगवान के गर्भ कल्याणक का महामहोत्सव मनाया जाएगा। 22 तारीख को भगवान के जन्म कल्याणक के अवसर पर 1008 कलशों से सुमेरु पर्वत के शिखर पर बाल तीर्थंकर का जन्माभिषेक किया जाएगा। 23 तारीख को दीक्षा कल्याणक के अवसर पर दानतीर्थ के प्रवर्तन स्वरूप आहार दान की विधि संपन्न होगी। 24-25 तारीख को 2 दिन भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव वृहद स्तर मनाया जाएगा। जहां सौंदर्य युक्त समवशरण का निर्माण कर तीर्थंकर परमात्मा की दिव्यध्वनि खिरगी। 26 तारीख को भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के पश्चात ढाईद्वीप में स्थित 1143 प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कर उन्हें पूज्य बनाया जाएगा। तीर्थधाम ढाईद्वीप जिनायतन विश्व की अद्वितीय रचना है। जो भारत के सबसे स्वच्छ, मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर नगर में स्थित हैं। यह रचना, मात्र रचना नहीं बल्कि ढाईद्वीप में स्थित समस्त तीर्थंकर भगवन्तों, अकृत्रिम चैत्यालयों को लिए हुए जीवंत प्रतिकृति हैं। जिसमें जैन शास्त्रों में वर्णित करणानुयोग के आधार से एक-एक इंच, पर्वतों नदियों जिनालयों की संख्या, जिनालयों के नाम, पर्वतों के रंग व नामों की सार्थकता का विशेष ध्यान रखा गया हैं। गुरुदेव कानजीस्वामी के पुण्य प्रभावना योग में मुमुक्षु समाज में अनेक संकुलों का निर्माण हुआ। उसमें यह जिनायतन संपूर्ण मुमुक्षु समाज के लिए अद्वितीय स्थान बन रहा हैं। लगभग डेढ़ एकड़ में फैला यह संकुल जिसमें 24 हजार स्क्वायर फीट का विशाल ढाईद्वीप जिन मंदिर, जो करीब 18 हजार स्क्वायर फीट का विशाल स्वाध्याय भवन है। जिसमें एक विशाल आडिटोरियम, बहिन बेन चित्रालय, विशाल पुस्तकालय और विश्व की सबसे बड़ी विदेह क्षेत्र में साक्षात विराजमान सीमंधर स्वामी की 33 इंच की स्फटिकमणि की प्रतिमा विराजमान है। साथ ही 56 कमरों का आधुनिक सुसज्जित गेस्ट हाउस, 24 वन बीएचके फ्लैट का विद्वत निवास, 24 कमरों का छात्रावास, 4500 स्क्वायर फीट की विशाल भोजनशाला, 17 कमरों का स्टाफ क्वार्टर स्थित हैं प्रकृति के निकट और गोम्मटगिरी की तलहटी में स्थित यह विशाल प्रांगण अत्यंत भव्य एवं मनोहारी हैं। यह संकुल इंदौर आने वाले प्रत्येक जनमानस के लिए सर्वसुविधायुक्त एवं रमणीय स्थान-एयरपोर्ट से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर ही स्थित है।

# सड़क के लिए दौड़ी राजनीति

**विद्याधर नगर : विधायक राजवी ने पहले 'जेसीबी-पूजा' की, वहीं 6 दिन बाद कांग्रेस नेता अग्रवाल ने किया 'सड़क का उद्घाटन'**

### श्रेय लेने की होड़, काम एक उद्घाटन दो बार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



विधायक नरपत सिंह राजवी



सीताराम अग्रवाल

**जयपुर।** शहर में पेयजल स्कीम, ट्यूबवेल, सड़क बनाने व मरम्मत करने के मुद्दों को लेकर कांग्रेस व भाजपा नेताओं में श्रेय लेने की होड़ मची है। विधायक व विधायक प्रत्याशियों की 'उद्घाटन पॉलिटिक्स' के बीच अधिकारी व जनता फंस गए है। विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 7.32 करोड़ के सड़क मेंटेनेंस के उद्घाटन को लेकर भाजपा विधायक नरपत सिंह राजवी व कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल आमने-सामने हो गए है। अग्रवाल कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष भी है।

जेडीए ने सड़क मेंटेनेंस के लिए 27 सितंबर को मैसर्स राकेश अग्रवाल को 7.32 करोड़ का वर्कऑर्डर दिया था। दोनों ही नेता क्षेत्र में सड़क बनाने में खुद का योगदान बता कर वाह-वाही बटोरने में लगे है। वर्कऑर्डर की जानकारी मिलते ही 8 अक्टूबर को नरपत सिंह राजवी व भाजपा पार्षद विद्याधरनगर पहुंच गए और जेसीबी मंगवाकर पूजा कर कार्य की औपचारिकता कर दी, लेकिन इसमें जेडीए के एक्सईएन, एईएन व जेईएन व ठेकेदार कोई मौजूद नहीं थे। जब विद्याधरनगर से कांग्रेस प्रत्याशी व कांग्रेस कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल को इसकी जानकारी लगी तो शुक्रवार को कांग्रेस पार्षदों, जेडीए के इंजीनियरों व ठेकेदार की मशीनरी बुलाकर उद्घाटन किया। हालांकि शुक्रवार से सड़क की मरम्मत का काम शुरू हो गया है।

## नशा त्यागेंगे, दूल्हे को नहीं पहनाएंगे नोटों की माला

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**वजीरपुर (सवाईमाधोपुर)।** आदिवासी अठ्ठाईसा मीणा समाज के पंच पटेलों की बैठक में नशे पर पूर्ण पाबंदी, बारात में दूल्हे को नोटों की माला नहीं पहनाने, जन्मदिन पार्टी पर फिजूल खर्च नहीं करने का निर्णय किया। वहीं नशा करते व जुआ खेलते पकड़े जाने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाने का निर्णय किया। बैठक में कहा गया कि अंतिम संस्कार में सिर्फ नारियल लाएं। तीये की बैठक में कच्चा-पक्का खाना बंद करने, लड़की को शादी से पहले सीमित व्यक्तियों को दिखाकर सगाई रस्म घर पर ही करने, मिलनी की रस्म उसी दिन करने तथा गोद भराई बंद करने की बात कही गई। वहीं बारात का समय दिन में 11 से 12 बजे तक तथा दुल्हन की विदाई उसी दिन करने की बात कही गई। टीके में मात्र 21 व्यक्ति ही जाकर रस्म अदा करेंगे।

## चेटीचण्ड सिन्धी मेला समिति जयपुर महानगर चुनाव अगले माह



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर महानगर की शीर्ष संस्था चेटीचण्ड सिन्धी मेला समिति के अध्यक्ष पद-2023 के प्रत्याशी छबलदास नवलानी ने जानकारी दी है कि सिन्धी समाज के धार्मिक और विश्व स्तर पर आयोजित होने वाले भगवान श्रीझूलेलाल की जयन्ती के दिन चेटीचण्ड महोत्सव-2023 को जयपुर महानगर में भी आयोजित करने के लिए अध्यक्ष पद के लिए चुनाव आगामी माह में होंगे। प्रत्याशी छबलदास नवलानी ने अपना चुनाव प्रचार शुरु करने के लिए जेठानन्द नन्दवानी, अध्यक्ष, सिन्धु सेन्ट्रल एसोसिएशन, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर के साथ मिलकर आठ पूज्य सिन्धी पंचायतों के अध्यक्षों के साथ सम्पर्क किया। छबलदास ने चेटीचण्ड महोत्सव-2023 को विशाल स्वरूप देकर आयोजित करने का आश्वासन दिया और कोने कोने में स्थित सभी पूज्य सिन्धी पंचायतों के, सभी सिन्धी संस्थाओं के प्रतिनिधियों और सिन्धी समाज के गणमान्य महानुभावों के नये नये विचारों की जानकारी लेकर चेटीचण्ड महोत्सव-2023 मनाने की योजनाओं की जानकारी दी। मीटिंग में उपस्थित सभी 25 समाज सेवकों ने एक आवाज में प्रत्याशी छबलदास नवलानी को समर्थन और सहयोग देने का विश्वास दिलाया।

# जरुरतमंद परिवारों के साथ उमंग से मनाये दिवाली, करें अनुकरणीय पहल- मित्तल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**कोलकाता।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल ने अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के सभी सदस्यों से दीपावली के इस महापर्व पर शपथ लेकर समाज में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने की पहल करने की बात कही। मित्तल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सम्मानित सदस्यों के साथ साथ राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय स्तर पर सभी अग्र बन्धुओ से अपनी अपील की है । उन्होंने कहा कि हम सब अग्र कुल प्रवर्तक दानवीर महाराजा श्री अग्रसेन जी के वंशज है। हम सभी अग्रबंधु मिलकर दीपावली के इस महान पावन पर्व पर शपथ ले कि समाज के आसपास के रहने वाले असहाय भाई बहनों को उपहार स्वरुप वस्त्र एवं मिठाई वितरित करें।

मित्तल ने बताया कि सम्मेलन इस वर्ष अपनी सभी इकाईया से कम से कम आस पास के 10 ऐसे परिवार को चिन्हित करके उनकी खुशियों मे शामिल होने की अपनी अपील की है जिनकी खुशियों में समाज का कोई भी सदस्य शामिल नही होता है।

हमें उन्हें अपनी खुशियों में शामिल करना है। समाज में खुशियों की राह देख रहे अपने भाई बहन को दीपमालिका के इस महान पर्व पर उनकी जिंदगी से अंधकार और निराशा दूर करके उन्हें भी आशा की किरण की जिंदगी में पदार्पण कराना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है एवं महाराजा श्री अग्रसेन जी के आदर्शो एवं विचारों को क्रियान्वयन करते हुए उनके श्री चरणों मे नमन बंदन करते हुए उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# 'राजस्थान में दिल्ली मॉडल, स्कूल-बिजली होंगे फ्री'

**200 सीटों पर लड़ेगी आप पार्टी**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब के मॉडल की तर्ज पर राजस्थान में अपना चुनावी एजेंडा सेट करने की तैयारी में हैं। दोनों प्रदेशों के सीएम आगामी विधानसभा इलेक्शन में स्टार प्रचारक होंगे। अगले साल होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी भी तैयारियों में जुट गई है। पार्टी नेताओं के लगातार हो रहे जयपुर दौरे और नए सदस्यों को जोड़ने के लिए चला अभियान इस बात के संकेत दे रहा है।आप विधायक शिवचरण गोयल ने बताया कि पार्टी राजस्थान में अरविंद केजरीवाल दिल्ली जैसा लाभार्थी मॉडल लागू करेंगे। इस मॉडल के तहत बिजली-स्कूल जैसे सर्विसेज फ्री होंगी। गुजरात चुनाव निपटते ही पार्टी का पूरा फोकस राजस्थान पर होगागोयल ने कहा कि राज्य की सभी 200 सीटों पर उम्मीदवार उतारे जाएंगे। 2023 के अंत तक होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल सबसे बड़े स्टार प्रचारक होंगे।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022

# नगरपालिकाओं में निम्बाहेड़ा प्रथम

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**निम्बाहेड़ा।** केंद्र सरकार द्वारा करवाए गए स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नगरपालिका निम्बाहेड़ा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।इस उपलब्धि पर राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त नगरवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।नगरपालिका अध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा करवाए गए स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में राजस्थान की नगरपालिकाओं में नगरपालिका निम्बाहेड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जो नगर के लिए गौरव की बात है। पालिकाध्यक्ष ने इस उपलब्धि का श्रेय पालिका के समस्त अधिकारियों,कर्मचारियों सहित समस्त नगरवासियों, व्यापारियों एवं स्ट्रीट वेंडर्स को दिया है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर को स्वच्छ रखने के प्रति इन सभी की जागरूकता का ही परिणाम है कि हमारा नगर प्रथम आया है। पालिकाध्यक्ष शारदा ने इसके लिए सभी का आभार जताया है और उन्होंने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि घरों से निकलने वाले कचरे को नगरपालिका निम्बाहेड़ा के माध्यम से चलने वाली घर-घर कचरा ऑटो टीपर में ही डालें अन्यत्र ना डालें, सूखे कचरे को नीले रंग के कचरा पात्र व गीले कचरे को हरे रंग के कचरा पात्र में ही डालें। व्यापारियों से भी उन्होंने अपील की है दुकानों से निकलने वाले कचरे को पालिका की कचरा गाड़ी में ही डालें अन्यत्र ना फेंकें।

शुभ दीपोत्सव

## जागरूक खबरें

### ■ 4 किलो से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

**तारानगर @ जागरूक जनता।** एनजीटी के निर्णय की पालना में जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग के निर्देशानुसार नगरपालिका क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथीन को पूर्णतया बन्द करने हेतु अधिशाषी अधिकारी अरूण कुमार सोनी के निर्देशन में कमेठी गठित की जाकर बस स्टैण्ड एवं अम्बेडकर सर्किल एवं मैन मार्केट में प्लास्टिक जब्ती की कार्यवाही की गइ। कार्यवाही के दौरान 4 किलो से अधिक प्लास्टिक जब्त की। इस मौके पर पालिका कार्मिक लक्खूसिंह, त्रिशुल सिंह, नितेश कुमार उपाध्याय, कृष्ण पचार, संदीप कुमार एवं पालिका कार्मिक मौजुद रहें।

### ■ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल, सिम कार्ड वितरित



**आहोर @ जागरूक जनता।** महिला बाल विकास परियोजना की और से आहोर क्षेत्र से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को पंचायत समिति सभागार आहोर में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पी सी सी सदस्य सवाराम पटेल ने कहा कि राज्य सरकार की और से प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को एक मोबाइल व सिम वितरण किये गये तीन साल तक मोबाइल के साथ अनलिमिटेड कांल प्रत्येक माह पांच जी बी फ्री डाटा राज्य सरकार की और से उपलब्ध करवायेगी कार्यक्रम में अध्यक्षता प्रधान संतोष कंवर ने की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में लक्ष्मी मीणा व सुरेश देवासी सहित कई महिलाएं भी उपस्थित थे।

### ■ प्रथम स्तरीय समिति का गठन

**जालौर @ जागरूक जनता।** जिले के लिए जिला स्तर पर बीस सूत्रीय कार्यक्रम के आयोजन, क्रियान्वयन एवं समन्वयन के लिए जिला प्रभारी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया की अध्यक्षता में प्रथम स्तरीय समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है। समिति में जिला कलक्टर सदस्य सचिव एवं मुख्य आयोजना अधिकारी संयोजक होंगे। समिति में जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर, जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, नगर पालिका सांचौर के अध्यक्ष नरेश सेठ, नगर पालिका भीनमाल की अध्यक्ष विमला बोहरा, नगर परिषद जालोर के अध्यक्ष गोविन्द टांक, पंचायत समिति रानीवाडा के प्रधान राघवेन्द्र सिंह देवडा, पंचायत समिति चितलवाना की प्रधान प्रकाश कंवर, पंचायत समिति सरनाऊ की प्रधान सायती देवी विश्नोई, पूर्व मुख्य उपसचेतक रतन देवासी, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, पूर्व विधायक डॉ. समरजीत सिंहपूर्व जिला प्रमुख मंजू मेघवाल, पूर्व उप प्रमुख मूलाराम राणा, डॉ शमसेर अली सैय्यद, सवाराम पटेल, पूर्व प्रधान भंवरलाल मेघवाल, भीनमाल के पूर्व पालिका अध्यक्ष हीरालाल बोहरा, शहजाद अली सैय्यद, प्रेमाराम चौधरी रानीवाडा, उमसिंह राठौड चांदराई, जोगाराम मीणा, पन्नेसिंह पोसाणा, नैनसिंह राजपुरोहित, अतिरिक्त जिलाधीश (विकास) एवं परियोजना निदेशक, मुख्य अधिशाषी अधिकारी एवं सचिव जिला परिषद सहित संबंधित विभागों के प्रभारी अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

**हर पीरियड के हिसाब से मिलेगा वेतन, बिना कारण बताए हट सकते हैं**

# सरकारी स्कूल्स में लगेंगे गेस्ट फैकल्टी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**बीकानेर।** प्रदेशभर में सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों को भरने के लिए आखिरकार शिक्षा विभाग ने गेस्ट फेकल्टी व्यवस्था लागू कर दी है। अब प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षा संबल योजना के तहत गेस्ट फेकल्टी लगाने का अधिकार एक कमेटी को दिया गया है। ये कमेटी रिटायर्ड टीचर्स के साथ REET उत्तीर्ण नए युवाओं को भी गेस्ट फेकल्टी में पर रख सकती है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने बताया कि विद्या संबल योजना के तहत लेक्चरर, सीनियर टीचर, टीचर लेवल वन और टू, प्रयोगशाला सहायक और फिजिकल टीचर्स लगाए जा सकते हैं। यहां रिटायर्ड टीचर्स को लगाते वक्त उनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक नहीं होने की शर्त रहेगी। वहीं REET उत्तीर्ण होने की शर्त लागू नहीं होगी। उधर, प्राइवेट अभ्यर्थियों को REET एग्जाम क्लियर होने पर ही पढ़ाने का अवसर दिया जाएगा।

#### ये रहेगा मानदेय

गेस्ट फेकल्टी के लिए सभी पदों के लिए अलग अलग मानदेय तय किया गया है। अधिकतम मानदेय भी तय कर दिया गया है। पहली से 8वीं क्लास को पढ़ाने वाले लेवल वन और टू के टीचर्स को प्रति पीरियड 3 सौ रुपए मिलेंगे व अधिकतम भुगतान 21 हजार रुपए होगा। प्रयोगशाला सहायक और फिजिकल टीचर्स के लिए भी ये ही मानदेय होगा। वरिष्ठ अध्यापक को साढ़े 3 सौ रुपए प्रति पीरियड मिलेंगे और अधिकतम 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह लेक्चरर को प्रति पीरियड चार सौ रुपए और अधिकतम तीस हजार रुपए मिलेंगे।

#### एक नवंबर से आवेदन

गेस्ट फेकल्टी के तहत काम करने के इच्छुक युवाओं व रिटायर्ड टीचर्स को दो नवम्बर से आवेदन करना है। एक नंवबर को सभी स्कूल अपने यहां रिक्त पदों के बारे में विज्ञापन जारी करेंगे। इसी विज्ञापन के आधार पर दो से चार नवंबर तक आवेदन दिए जा सकते हैं। पांच नवम्बर को आवेदन करने वालों की सूची चस्पा की जाएगी। सात नवंबर को स्कूल पात्रता की जांच करेगा और इसी दिन मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। नौ नवंबर को आवेदन पर आपत्ति की जा सकती है। दस नवम्बर को अंतिम मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। 11 नवम्बर को मूल दस्तावेजों की जांच की जाएगी। 12 नवम्बर को गेस्ट फेकल्टी की नियुक्ति के आदेश जारी हो जाएंगे। इसके बाद वो 19 नवम्बर तक कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं।

## राजकीय महाविद्यालय में पूर्व विद्यार्थी परिषद की बैठक हुई आयोजित



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** राजकीय महाविद्यालय केकडी़ में पूर्व विद्यार्थी परिषद की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया जो कि अब सफल व्यवसायी, उद्योगपति अथवा अन्य किसी पद पर हैं। कार्यक्रम में अपने विधार्थी काल के संस्मरणों को साझा करते हुए बृजेश पारीक, राजेंद्र बिनायका, मुरारी लाल गर्ग, अनिल राठी ने कॉलेज के भविष्य की परिकल्पना प्रस्तुत की। डॉ अनिल गुप्ता ने पूर्व विद्यार्थी परिषद की कार्य विधि एवं पूर्व विद्यार्थियों को उनके कॉलेज से संबंधित समस्या और समाधान पर चर्चा की। डॉ नीता चौहान ने पूर्व विद्यार्थी परिषद के उद्देश्य बताते हुए कहा कि वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए यह एक मंच है जो सम्मान की भावना रखते हुए एक सेतु का कार्य करेगा और वर्तमान विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान भी करेगा और भविष्य में कॉलेज की समृद्धि के लिए विकल्पों पर कार्य करेगा। प्राचार्य पीयूष कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व विद्यार्थियों के सहयोग से ही कॉलेज का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थी परिषद कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें प्राचार्य पीयूष कुमार गुप्ता अध्यक्ष, बृजेश पारीक उपाध्यक्ष, अनिल राठी सचिव, रोहित जांगिड़ संयुक्त सचिव,एवं के सी राँटा कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए। इसी तरह अन्य कार्यकारिणी के सदस्यों का भी चुनाव किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनीता रायसिंघानी ने किया एवं आभार छात्रसंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम में चेतन लाल रेगर, डॉ शिखा माथुर, डॉ देवेंद्र सोलंकी, डॉ कीर्ति, रजनी, कोमल सोनी, एल आर लोधा, ब्रजेश शर्मा, गणपत जाट, अमित, विनोद,रेखा,गोविंद जैन,गजेन्द्र पाराशर,महेश बोयत सहित कई पूर्व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड चंदेरिया "शिक्षा भूषण" सम्मान से सम्मानित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, की चंदेरिया ईकाई को राज्य स्तरीय 26वें भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान जिसमें गुणवत्तापुर्ण शिक्षण, आधारभूत विकास व सहयोग हेतु राजस्थान सरकार द्वारा राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान "शिक्षा भूषण" प्रदान किया गया। ये पुरस्कार जयपुर के टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन गोयल एवं शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड चंदेरिया के प्रतिनिधि सहायक उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एवं मैनेजर सीएसआर रंजीत कुमार प्रसाद ने राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान "शिक्षा भूषण" सम्मान प्राप्त किया। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड-चंदेरिया ईकाई के अध्यक्ष एंव युनिट-हेड देवेश मिश्रा के नेतृत्व में सीएसआर के शिक्षा सारथी कार्यक्रम के तहत् जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों विशेषकर आस-पास के क्षेत्र में शैक्षिक उन्नयन हेतु गुणवत्तापुर्ण शिक्षण व शाला आधारभूत विकास में लगातार अहम भुमिका प्रदान कर रही हैं जिससे गरीब बच्चों का बेहतर भविष्य का निर्माण हो सकें।

## रणथंभौर का ईको सेंसेटिव जोन जल्द होगा घोषित

**सवाई माधोपुर @ जागरूक जनता।** रणथंभौर बाघ परियोजना का ईको सेंसेटिव जोन अब जल्द ही घोषित कर दिया जाएगा। वन विभाग ने एक ड्रॉफ्ट तैयार किया है। जिसके बाद जल्द ही वन विभाग की ओर से इस ड्रॉफ्ट को मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड फोरेस्ट (मॉफ) को भेजा जाएगा। इसके बाद मिनिस्ट्री ऑफ इनवायरमेंट एंड फोरेस्ट से मंजूरी मिलने के बाद लागू किया जाएगा। रणथंभौर में ईको सेंसेटिव जोन घोषित करने को लेकर काफी समय से मांग की जा रही थी। इतना ही नहीं जिले के राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य के लिए भी ईको सेंसेटिव जोन घोषित किया जाना प्रस्तावित था। दिल्ली में पहले इसे लेकर बैठक हुई थी। हालांकि उस समय चंबल अभयारण्य की जिले में एक किमी की सीमा में रणथंभौर बाघ परियोजना की सीमा शुरू हो जाने के कारण यह मामला अटक गया था। अब रणथंभौर बाघ परियोजना में ईको सेंसेटिव जोन का खाका तैयार हो जाने के बाद राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य में भी जल्द ही ईको सेंसेटिव जोन घोषित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

#### ड्रॉफ्ट में एक किमी का होगा ईको सेंसेटिव जोन

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग ने जो ड्रॉफ्ट तैयार किया गया है उसमें रणथंभौर बाघ परियोजना के एक किमी की परिधि के क्षेत्र को ईको सेंसेटिव जोन की श्रेणी में रखा गया है। ऐसे में यदि वन विभाग के ड्रॉफ्ट को उच्च स्तर पर स्वीकृति मिल जाती है तो रणथंभौर बाघ परियोजना के एक किमी क्षेत्र की परिधि में व्यवसायिक व आवासीय किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लग जाएगी।

## फ्रंटियर इन को-ऑपरेटिव बैंकिंग अवार्ड की घोषणा



**जालोर @ जागरूक जनता।** देश की प्रतिष्ठित पत्रिका बैंकिंग फ्रंटियर द्वारा वर्ष 2021-22 लिए फंटियर इन को-ऑपरेटिव बैंकिंग अवार्ड की घोषणा की गई। जिसके अन्तर्गत 15 व 16 अक्टूबर 2022 को इन्दोर में आयोजित कार्यक्रम में जालोर नागरिक बैंक को 'बेस्ट टर्नअराउण्ड बैंक' के पुरस्कार से अलंकृत किया गया है।पुरस्कारों के लिए ज्यूरी ने बैंक की वित्तीय सुदृढ़ता, पूंजी पर्याप्तता, भारतीय रिजर्व बैंक की रेटिंग, शून्य प्रतिशत नेट एनपीए के आधार पर बैंक का इस प्रतिष्ठित सम्मान हेतु चयन किया हैं। तथा देश के अरबन कॉपरेटिव बैंकों से प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते हुए यह गौरवमय उपलब्धि जालोर नागरिक सहकारी बैंक द्वारा अर्जित की गई हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि जालोर नागरिक बैंक के लिए यह अत्यन्त गौरव का विषय हैं। तथा इसका श्रेय बैंक के सभी अंशधारियों, ग्राहकों, शुभचिंतकों एवं कर्मचारियों को जाता हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि बैंक निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। समाप्त अर्द्धवर्ष सितम्बर 2022 तक बैंक का सकल व्यवसाय 470 करोड़, करपूर्व लाभ 4.58 करोड़ (अर्द्धवार्षिक) एवं शुद्ध एन.पी.ए शून्य प्रतिशत रहा है।

**अखिल भारतवर्षीय खंडेलवाल वैश्य महासभा जयपुर**

## राष्ट्रीय कार्य कारिणी की बैठक आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**मेंहदीपुर बालाजी।** कस्बे की एक धर्मशाला मे अखिल भारत वर्षीय खंडेलवाल वैश्य महासभा जयपुर ने राष्टीय कार्य कारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे बालाजी खंडेलवाल समाज के लोगों ने अनेक प्रान्तो से आए वैश्य समाज के लोगो का दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया तथा बैठक में वैश्य समाज के उत्थान के बारे में चर्चा की गई। वही, बैठक मे संस्था के लेखा जोखा कार्य विवरण सहित संस्था के प्रमुख सेवा कार्य शिक्षा सहायता जनकल्याण व महिला कल्याण सहायता तथा मेडिकल सहायता, के वितरण हेतु अर्थ, एवं समाज सुधार हेतु विभिन्न विषयों पर गंभीर चिंतन किया मीटिंग की अध्यक्षता महासभा के राष्टीय अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता तूँगा वालों ने की तथा मंच संचालन महासभा के महामंत्री श्री नरेश रावत दिल्ली वालों ने की। अध्यक्ष रमेशचंद्र गुप्ता तुंगा वालो ने बताया कि खंडेलवाल वैश्य समाज की एकमात्र प्रमुख प्रतिनिधि संस्था अखिल भारतवर्षीय खंडेलवाल वैश्य महासभा सार्वजनिक परामर्श संस्था के रूप में सन 1913 से समाज सेवा के क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर 109 वर्षो से निरंतर कार्य कर रही है संस्था छात्रवृत्ति सहायता, उच्च शिक्षा, जन कल्याण, महिला कल्याण, विधवा सहायता मेडिकल, आपातकालीन सहायता, बेटी बचाओ योजना, वृद्धजन सहायता, सामूहिक विवाह, समाज उत्थान व अन्य कार्यक्रम संचालित करते हुए समाज को लाभ पहुंचा रही है।

वैश्य समाज के लोगों ने समाज की दशा व दिशा पर विचार प्रकट किए तथा समाजिक कुरीतियों को नष्ट करने का लिया संकल्प लिया। इस दौरान रमेशचंद्र गुप्ता तुंगा वाला अध्यक्ष अ.भा. खंडेलवाल वैश्य महासभा, नरेश रावत, रामावतार खंडेलवाल, मोहन लाल खंडेलवाल, घासीलाल चौधरी,राकेश सेठी, मनीष पठानी, अभिषेक सेठी सहित वैश्य समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

**युवाओं की टीम बेसहारा गौवंशों का नि:शुल्क कर रहे हैं इलाज**

## लंपी बीमारी को कम करने के लिए लामबंद हुए झोटड़ा के युवा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**सांचौर।** उपखंड मुख्यालय निकटवर्ती झोटडा गांव के युवाओं की टीम गौवंशों में फैली लंपी स्कीन डीज़ीज़ नामक बीमारी का नि शुल्क इलाज कर गौ सेवा का कार्य कर रहे हैं पिछले लंबे समय से युवाओं की टीम क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं और लम्पी से पीडित गौवंशों को चिन्हित करके उसका इलाज कर रहे हैं। साथ ही सूचना मिलने पर बीमारी से पीड़ित घरेलू गौवंशों का भी नि शुल्क इलाज कर रहे हैं। स्थानीय निवासी व टीम के सदस्य कैलाश सुथार ने बताया कि 20 से 25 युवाओं की टीम है जो नि शुल्क उपचार का कार्य करती है साथ ही गायों के लिए आयुर्वेदिक लड्डू वितरण का भी कार्य किया जा रहा है। कैलाश सुथार ने बताया कि युवाओं की टीम दिन रात एक करके मेहनत करके गौवंशों का इलाज कर रहे हैं इलाज के बाद गौवंशों में सकारात्मक परिणाम मिल रहा है जिससे युवाओं का हौसला बना रहता है।

**आसपास के गांवों में भी करते हैं इलाज :** चितलवाना उपखंड के झोटडा गांव के युवाओं की टीम झोटडा सहित आसपास के सिवाडा, परावा व मीठीबेरी आदि गांवों में जाकर बेसहारा विचरण करने वालें व घरेलू गौवंशों का नि:शुल्क इलाज कर रहे हैं।

#### चंदा राशि एकत्रित करके कर रहे हैं गौ सेवा

**युवाओ** की टीम भामाशाहों के सहयोग से निरंतर गौ सेवा का कार्य कर रही है। युवाओं की टीम प्रतिदिन चंदा राशि एकत्रित करके लंपी बीमारी को कम करने के लिए कार्य कर रही है। भामाशाहों के द्वारा दिए गए सहयोग दवाई आदि खरीदकर निस्वार्थ भाव से निरंतर गौ सेवा का कार्य जारी रख रहे हैं।

## सांथू के भूदान आयोग सदस्य मनोनीत होने पर किया स्वागत



**जालौर @ जागरूक जनता।** सर्व ब्राह्मण महासभा जिला शाखा की ओर से संजय नगर कॉलोनी में एडवोकेट नैनसिंह राजपुरोहित सांथू के राजस्थान राज्य भूदान आयोग के सदस्य मनोनीत होने पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अश्विन राजपुरोहित ने बताया कि स्वागत कार्यक्रम में नव मनोनीत सदस्य राजपुरोहित का महासभा के परामर्शदाता नगर परिषद जालोर के उप सभापति अम्बालाल व्यास, संरक्षक चुन्नीलाल राजपुरोहित नोरवा एवं जिला संयोजक धनराज दवे ने सांफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महासभा के संरक्षक दयाशंकर रावल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीन दयाल ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अरविंदसिंह राजपुरोहित कुआरड़ा, कोषाध्यक्ष गोवर्धनसिंह राजपुरोहित आदि उपस्थित थे।

**ANCHOR** | **सड़क निर्माण**

# घटिया सड़क तोड़कर पुन: निर्माण के आश्वासन पर धरना समाप्त

**भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने एनएच 68 के पुर्ननिर्माण कार्य का लिया जायजा**

### बीजेपी जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव के नेतृत्व में एसडीओ को सौपा ज्ञापन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net





**सांचौर।** शहर से गुजरने वाले एनएच 68 के निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा की जा रही लापरवाही व घटिया सडक निर्माण के विरोध में बीजेपी जालोर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चल रहा धरना तीसरे दिन घटिया सडक तोडकर पुन निर्माण के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया। धरनास्थल पर पहुंचे प्रोजेक्ट प्रभारी दिग्विजयसिंह ने जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव से घटिया सड़क तोड़ने और पैमाने के अनुसार सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सहित मंडल अध्यक्षों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्यों को लेकर उपखंड को ज्ञापन देकर समाधान की अपील की।

**सड़क तोड़कर करेंगे पुर्ननिर्माण – ठेकेदार :** भाजपा जिलाध्यक्ष को गुंडा कहने से शुरू हुई लड़ाई माफी से समाप्त हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की मांग को लेकर जब सड़क प्रभारी दिग्विजय सिंह से फोन पर बात की तो उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष को गुंडा कहकर संबोधित किया। गुंडा कहने से शुरू हुई यह लड़ाई सड़क प्रभारी के धरना स्थल पर आकर माफी मांगने से समाप्त हुई। ठेकेदार ने अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए जिलाध्यक्ष राव बोरली को आश्वासन दिया की घटिया सड़क को तोड़कर पुर्ननिर्माण किया जायेगा।

#### उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**क्षेत्र** की विभिन्न समस्याओं को लेकर सांचौर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को दिए ज्ञापन में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग नर्मदा नहर की स्वच्छता, पानी के अपर्याप्त आपूर्ति, अनियमित बिजली कटौती, बिजली बिलों में धांधली, कृषि कनेक्शन में विलम्ब सहित कई समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

#### यह रहे मौजूद

**इस** दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, पूर्व जिला प्रमुख वन्नेसिंह गोहिल, पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, चुन्नीलाल पुरोहित खेजडियाली, जसराज राजपुरोहित वाली, भगवानाराम माली, डॉ. शीला बिश्नोई, भावेश सोनी, प्रताप पुरोहित दाता, इंद्रसिंह राणावत, ललित राजपुरोहित, पुरेंद्र व्यास, अर्जुनसिंह सरवाना, माधाराम पुरोहित, डूंगराराम जाट, रामगोपाल बुडिया, तुलसाराम मांजू, जैसाराम भील, जयंतीलाल पुरोहित, महेन्द्र चौधरी, पहाड़सिंह राव बोरली, कृष्ण देवासी व दुर्गाराम बेनीवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### केन्द्रीय विद्यालय में प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**जालौर @ जागरूक जनता।** केन्द्रीय विद्यालय जालोर में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर निशान्त जैन की अध्यक्षता में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। आयोजित कार्यऋ म में जिला कलक्टर द्वारा पढ़ाई, खेल-कूद समेत विभिन्न सशैक्षणिक गतिविधियों में विभिन्न स्तरों पर विजेता रहे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयाविद्यालय के प्राचार्य विनोद भारतीय ने केन्द्रीय विद्यालय जालोर में संचालित पाठ्यक्रम समेत वर्ष पर्यन्त होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए अध्यनरत प्रतिभाशाली बच्चों की उपलब्धियों का परिचय दिया। समारोह में जिला कलक्टर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षा 10वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले, राष्ट्र एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं में पदक विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में जिला कलक्टर निशान्त जैन ने विद्यार्थियों को अपने जीवन को उन्नत बनाने के लिए लिखने, बोलने, सुनने, पढ़ने इन चार भाषा कौशल पर विशेष ध्यान देने की बात कही। जो उनके जीवन भर काम आए। उन्होंने नवाचारों के माध्यम से बच्चों में लर्निंग स्किल को और बेहतर बनाने के साथ ही सह शैक्षणिक गतिविधियों पर भी पर्याप्त ध्यान दिए जाने की बात कही।

**दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर बैठक**

## सब मिलकर मनाएं दीपोत्सव-कलक्टर



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** 5 दिवसीय दीपोत्सव पर्व को लेकर जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने नगर परिषद आयुक्त रविंद्र सिंह यादव एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### शहर में की जाए आकर्षक विद्युत सज्जा

**जिला** कलक्टर ने कहा कि कोरोना काल की प्रतिकूल परिस्थितियों से उबरने के बाद दीपावली का त्योहारउल्लास, सौहार्द प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर में दीपावली के त्योहार के मद्देनजर शहर के विभिन्न चौराहों एवं गंभीरी नदी पर आकर्षक विद्युत सज्जा की जाए। उन्होंने कहा कि इस दौरान कोई भी स्ट्रीट लाइट बंद न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

#### दीपावली से पहले सड़कों की मरम्मत हो

**जिला** कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि जहां कही भी सड़के क्षतिग्रस्त हो उनकी दीपावली से पूर्व मरम्मत की जाए एवं शहर की साफ-सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान कोई भी अप्रिय घटना नहीं इसके लिए पूरी सुरक्षा व्यवस्था की जाए एवं अग्निशमन वाहन की तैनाती सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को भी इस संबंध में पुख्ता तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं।

## जागरूक खबरें

### कोटा के अपूर्व विकास कार्यों के लोकार्पण से सीधे जनता भी होगी रूबरू

**कोटा @ जागरूक जनता।** राजस्थान के कोटा में पहली बार 711 करोड रुपए के 20 विकास कार्यो के एक साथ लोकार्पण के कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों को रूबरू करवाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 21 अक्टूबर को नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की उपस्थिति में जयपुर से वर्चुली इन विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे जिसकी विस्तृत जानकारी बड़े पैमाने पर आमजन तक पहुंचाने की तैयारी की दृष्टि से आज जिला कलक्टर और कोटा नगर विकास न्यास के अध्यक्ष ओ पी बुनकर की अध्यक्षता में न्यास कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। दीपोत्सव से पहले कोटा की जनता को विकास कार्यों की यह अभूतपूर्व सौगात मिलने जा रही है।

# पक्षियों से चहकी सांभर झील : विलुप्त प्रजातियों समेत 9 प्रवासी, 4 देशी प्रजाति के पक्षी आए

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सांभर झील में प्रवासियों पक्षियों की महात्रासदी के तीन साल बाद झील फिर से प्रवासी पक्षियों से चहकने लगी है। हाल में इकोलॉजिस्ट के सर्वे में सामने आया कि प्रवासी पक्षी समय से पहले झील में लौट रहे हैं और इनकी संख्या काफी अधिक है। अमूमन प्रवासी पक्षियों का आगमन अक्टूबर या नवंबर में होता है लेकिन अबकी बार सितंबर के आखिर में ही आगमन शुरू हो गया। इसमें खास बात यह है कि विलुप्त प्रजातियां भी देखी गई हैं।

इकोलॉजिस्ट की टीम ने जयपुर डिवीजन में शामिल झील एरिया का सर्वे किया था, इसमें शाकम्भरी माता, छपोक, देवयानी मंदिर और छपोक में सबसे ज्यादा प्रवासी पक्षी मिले। झील एरिया में नॉर्थ और सेंट्रल एशिया से आने वाली 9 प्रवासी और 4 देशी जलपक्षियों की प्रजातियां आई हैं।

### नॉर्थन शॉवलर और पाइड एवोसेट प्रजाति भी देखी गई

2019 में बोटोलिज्म के चलते सांभर झील में सबसे ज्यादा मौतें नॉर्थन शॉवलर प्रजाति, पाइड एवोसेट प्रजाति की हुई थी। इसके बाद यहां इनका आना कम हो गया था। बर्ड कान्सर्वेशनिस्ट और इकोलॉजिस्ट टीके रॉय के अनुसार मध्य और उत्तर एशिया से लगभग 2500 प्रवासी पक्षी पहुंच चुके हैं। इनमें शॉवलर प्रजाति की संख्या करीब एक हजार और पाइड एवोसेट की संख्या 800 थी। रॉय का कहना है कि इस बार मानसून के दौरान अच्छी बारिश होने से झील में जलस्तर बढ़ा है। जयपुर डिवीजन में झील के मुख्य किनारे पर पानी कम हो रहा है, इससे प्रवासी पक्षियों को बेटर हैबीटेट एन्वॉयरमेंट मिल रहा है। यही वजह है कि पक्षियों का आगमन सीजन से पहले शुरू हुआ और संख्या भी पहले की तुलना में अच्छी खासी है। इसके अलावा विलुप्त प्रजातियों में शामिल लेजर फ्लेमिंगो, ब्लैक टेल्ट गोडविथ पक्षी भी देखने मिले रहे हैं।

### सर्दी में ये पक्षी सांभर झील को बनाते हैं अपना आशियाना

पाइड एवोसेट, नॉर्थन शॉवलर, कॉमन रेडसंक, स्पॉटेड रेडसंक, मार्श सैंडपाइपर, वुड सैंडपाइपर, लिटिल स्टिंट, रफ, ब्लैक टेल्ड गोडविथ नार्थ और सेंट्रल एशिया से झील पर आते हैं। इसके अलावा गुजरात और महाराष्ट्र से आने वाले देशी पक्षियों में ग्रेटर फ्लेमिंगो, लेसर फ्लेमिंगो, ब्लैक विंगड स्टील्ट, लिटिल ग्रेब प्रवासी इस सर्वे में देखी गई। सांभर झील पर इन पक्षियों का प्रवास अक्टूबर से जनवरी तक रहता है।

# गेंहू का न्यूनतम समर्थन मूल्य 110 रुपये बढ़ा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी की विभिन्न फसलों के आगामी विपणन सत्र 2023-24 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) संशोधित करने का फैसला किया जिसके तहत गेंहू का एमएसपी 110 रुपये और जौ का 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार सुबह हुयी मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि चना के एमएसपी में 105 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर में 500 रुपये, सरसों में 400 रुपये और कुसुम के एमएसपी में प्रति क्विंटल में 209 रुपये की वृद्धि का निर्णय किया गया है। इस निर्णय के अनुसार गेंहू का एमएसपी बढ़कर 2,125 प्रति क्विंटल, जौ 1,735 रुपये, चना 5,335, मसूर 6,000 रुपये, सरसों 5450 और कुसुम का एमएसपी 5,650 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।मंत्रिमंडल की बैठक के फैसले के अनुसार मसूर का एमएसपी सबसे अधिक बढ़ाया गया है। ठाकुर ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों की बेहतरी के लिए फैसले करती है।

# तृतीय भण्डारा महोत्सव 30 से, आयोजन पत्रिका का किया विमोचन

**जालोर @ जागरूक जनता।** जालोर सिरे मंदिर धाम पर आयोजित महारूद्र यज्ञ एवं पीर शांतिनाथ महाराज के तृतीय भण्डारा महोत्सव आयोजन की पत्रिका का विमोचन मंगलवार को श्री भैरूनाथ अखाड़े में महंत गंगानाथ महाराज व अन्य साधु संतों के पावन सानिध्य में किया गया। भैरूनाथ अखाड़ा आयोजन समिति ने बताया कि महारूद्र यज्ञ एवं शांतिनाथ महाराज के तृतीय भण्डारा महोत्सव का आयोजन 30 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2022 तक होगा।भण्डारा महोत्सव की पत्रिका का विमोचन भैरूनाथ अखाड़े में पीर शांतिनाथ महाराज की प्रतिमा की पूजा अर्चना व वंदन कर किया गया। जालोर के सिरे मंदिर धाम पर आयोजित महारूद्र यज्ञ व पीरजी महाराज के तृतीय भण्डारा महोत्सव के आयोजन को लेकर पत्रिका का विमोचन लेटा महंत रणछोड़ भारती महाराज, गजीपुरा महंत प्रेम भारती, पुनासा महंत बाबूगिरी महाराज, करड़ा महंत काशीनाथ महाराज, सुराणा महंत मंगलाई नाथ महाराज, सांथु महंत रणछोड़पुरी महाराज, उदयपुर के रेवतीनाथ महाराज, हल्देश्वर मठ के महंत मोहननाथ महाराज, अखाड़े के प्रेमनाथ महाराज, आनंदनाथ महाराज, ईश्वरनाथ महाराज, गोविन्दनाथ महाराज, गोपालनाथ महाराज के पावन निश्रा में सम्पन्न हुआ। पत्रिका विमोचन के दौरान चातुर्मास समिति के अध्यक्ष मीठालाल दर्जी, व्यवस्थापक पारसमल परमार, शिवलाल प्रजापत, नवीन सुथार, नैनाराम लुहार, मादा भारती, सादुलाराम घांची, गजाराम देवासी, मकसा मेवाड़ा, मादाराम माली, पप्पसा अग्रवाल, फूटरमल शर्मा, श्रीराम वैद्य, नैनसिंह भायल, सुरेन्द्रसिंह पंवार, ओबाराम देवासी, विक्रमसिंह परमार, अनिल चौधरी, कनिश्क चौधरी, भरत सुथार, दिनेश प्रजापत, हितेश प्रजापत सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।वहीं महारूद्र यज्ञ व पीरजी महाराज के तृतीय भण्डारा को भव्य रूप देने के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया है। जालोर के सिरे मंदिर धाम पर महारूद्र यज्ञ व भण्डारा को लेकर नाथजी के भक्तो में उत्साह देखने को मिल रहा है। पत्रिका का विमोचन के बाद पत्रिका को प्रदेश व देश के कोने कोने में वितरण कर नाथजी के भक्तो को इस कार्यक्रम में आने का न्यौता दिया जायेगा। वहीं नाथजी के भक्त भी भण्डारा महोत्सव को लेकर उत्सुक नजर आ रहे है।

**30 हजार तक मिलेगी सैलरी, रिटायर्ड टीचर्स कर सकेंगे आवेदन**

# रीट पास सरकारी स्कूल में बन सकेंगे गेस्ट टीचर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के सरकारी स्कूलों में टीचर्स की किल्लत दूर करने के लिए अब गेस्ट फैकल्टी लगाई जाएगी। इसके तहत अलग-अलग जिलों में खाली चल रहे लेवल-1, लेवल-2, सेकेंड ग्रेड, व्याख्याता, पीटीआई के साथ प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति दी जाएगी। इसमें रिटायर हो चुके टीचर्स के साथ रीट परीक्षा पास कर चुके 9 लाख अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे। लेवल-1 व लेवल-2 के लिए रीट पास करना अनिवार्य होगा। रिटायर्ड शिक्षकों के लिए रीट की बाध्यता नहीं होगी। दीपावली की छुट्टियों के बाद नवंबर से यह प्रक्रिया शुरू होगी। 12 नवंबर तक प्रक्रिया को पूरा भी कर दिया जाएगा। इसमें 21 से 30 हजार तक का मानदेय भी दिया जाएगा।

### नवंबर में आवेदन के साथ मिलेगी पोस्टिंग

गेस्ट फैकल्टी योजना के तहत 1 नवंबर को जिला स्तर पर राजस्थान के सभी स्कूल खाली चल रहे पदों की जानकारी जारी करेंगे। इसके बाद 2 से 4 नवंबर तक आवेदन की प्रक्रिया चलेगी। 5 नवंबर को आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद 7 नवंबर को उम्मीदवारों के डॉक्यूमेंट की जांच की जाएगी। वहीं 9 नवंबर को आवेदन करने वाले उम्मीदवारों पर आपत्ति मांगने और उसकी जांच के बाद 10 नवंबर को मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद 11 नवंबर को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद 12 नवंबर को सिलेक्ट हुए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की जाएगी। जिन्हें 19 नवंबर तक पोस्टिंग दे दी जाएगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का सिलेक्शन जिला स्तर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी की देखरेख में गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा

### गेस्ट फैकल्टी के लिए योग्यता

- व्याख्याता के पदों के लिए बीएड सहित ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।
- सैकंड ग्रेड टीचर के पदों के लिए आवेदन करने वाले सब्जेक्ट में ग्रेजुएट के साथ बीएड कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।
- लेवल-1 के पदों पर आवेदन के लिए डीएलएड सहित 12वीं में 50% अंक और रीट लेवल वन परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।
- लेवल-2 के पदों पर आवेदन के लिए बीएड सहित यूजी 50% अंकों के साथ और रीट लेवल सैकंड परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।
- पीटीआई के पदों पर आवेदन के लिए सीपीएड, डीपीएड,बीपीएड, 12वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।
- प्रयोगशाला सहायक के पदों पर 12वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

### न्यूनतम योग्यता के स्कोर का 75, प्रशैक्षणिक योग्यता का 25%

प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच के बाद स्कूलों के अनुसार जारी किए गए रिक्त पद व सब्जेक्ट के अनुसार वरीयता सूची का प्रकाशन संबंधित प्रिंसिपल/पीईईओ द्वारा किया जाएगा। प्रिफरेंस लिस्ट पद की मांगी गई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के स्कोर का 75% और शैक्षणिक योग्यता के स्कोर का 25% अंकभार जोड़कर किया जाएगा। समान अंक होने पर अधिक उम्र के अभ्यर्थी को वरीयता में कम आयु के अभ्यर्थी से ऊपर रखा जाएगा। साक्षात्कार नहीं होगा।

### रिटायर्ड टीचर और रीट पास कर चुके अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

प्रदेशभर में सरकारी स्कूलों के लिए 18 से 65 साल तक की उम्र के उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। इनमें रिटायर्ड टीचर्स भी आवेदन कर सकेंगे। जिनकी अधिकतम उम्र 65 साल तक होनी जरूरी है। वहीं रीट परीक्षा पास कर चुके छह लाख से ज्यादा अभ्यर्थी भी गेस्ट फैकेल्टी योजना में शामिल हो सकेंगे।

**नगर पालिका की साधारण बैठक आयोजित**

# हंगामे के बीच कई प्रस्ताव सर्व समिति से पारित

### जैन समाज द्वारा आचार्य हस्ती-हीरा के नाम आकर्षक कलात्मक पत्थरों से निर्मित होगा पीपाड़ शहर का प्रवेश द्वार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** नगर पालिका पीपाड़ शहर बोर्ड की मंगलवार को आयोजित साधारण बैठक नगर पालिका अध्यक्षा समुदेवी सांखला की अध्यक्षता में इंदिरा कॉलोनी स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम पूर्व पालिका अध्यक्ष बचनाराम कच्छावाह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । अधिशाषी अधिकारी सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि बैठक एजेण्डा अनुसार अस्थाई सफाई कर्मचारियों के स्थाई के संबंध में सदन के समक्ष प्रस्ताव रखा गया । अधिशाषी अधिकारी द्वारा सदन को 30 दिन से ऊपर अवकाश पर रहने वाले सफाई कर्मीको के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि किशन भाटी, विनोद बरासा, संजय कुमार जावा, प्रदीप, अनिल सारस्वत के खिलाफ 16 सी.सी.ए की विभागीय कार्यवाही पालिका स्तर पर चल रही है जिस पर सदन द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है कि जिन कार्मिकों के विभागीय जांच चल रही है उनको छोड़ते हुए सभी शेष कार्मिक को स्थाईकरण किया जावे एवं विभागीय जांच चल रही कार्मिकों के भी विभागीय जांच को समाप्त कर उनका भी स्थाईकरण करने की अभिशंषा की गई है। इसके अलावा पालिका की निजी आय बढ़ाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया है एवं यह निर्णय लिया गया कि सुभाष कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी , इंदिरा कॉलोनी, प्रजापत समाज छात्रावास के पास स्थित पालिका की दुकानों को पुनः रिपेयर करवाते हुए उन दुकानों को नीलामी के द्वारा किराए पर दी जावे एवं नया बस स्टैंड पुराना बस स्टैंड पर लगे हुवे केबिनों व हाथ थैलो से शुल्क वसूलने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा स्वर्गीय सत्य शर्मा के नाम सड़क के नामकरण के समय यह निर्णय लिया गया कि पूर्व में प्राप्त प्रस्तावों एवम अब नवीन प्राप्त प्रस्तावों को सम्मिलित करते हुए प्रस्ताव तैयार किये जायेंगे और संबंधित कमेटी के समक्ष रखे जावे व पीपाड़ शहर में स्वागत द्वार निर्माण के संबंध में अधिशासी अधिकारी द्वारा सदन को बताया गया कि श्री जैन र%। हितेषी श्रावक संघ संस्थान द्वारा कृषि मंडी से मुंदड़ा सर्किल के बीच प्रवेश द्वार अचार्य हस्ती-हीरा द्वार बनाए जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जो विचारार्थ पेश है जिसे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की संबंधित संस्थान द्वारा मेड़ता सिटी में निर्मित मीरा द्वार जैसा आकर्षक पत्थरों की खुदाई का स्वागत द्वारा संबंधित संस्थान के स्वयं के द्वारा पालिका की देखरेख में यदि बनाया जाता है तो स्वागत द्वार बनाने की स्वीकृति सर्वसम्मति से दी गई है वह नया बस स्टैंड के विस्तार के संबंध में मुख्यमंत्री बजट घोषणा अनुसार बजट स्टैंड पर यात्री सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु राज्य सरकार द्वारा 50 लाख का बजट स्वीकृत किया गया है इसमें बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय, पुलिस चौकी व अन्य सुविधाएं विकसित की जाएगी । उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करने का निर्णय लिया गया है। वही व्यवसायिक योजना के पास रिक्त भूमि का व्यवसायिक भूखंडों के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए पूर्व में नया बस स्टैंड के पास पालिका द्वारा दुकानों की नीलामी की गई थी उस भूमि के पास रिक्त भूमि पर 27 व्यवसायिक भूखण्ड बनाकर उनकी नीलामी करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है इसी प्रकार बस स्टैंड परिसर में भी दुकानों के भूखंड बनाकर उन्हें नीलाम करने का निर्णय लिया गया है। अंत में पालिका अध्यक्ष समुदेवी द्वारा सभी सदस्यगणों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

**ANCHOR** एचएएल के बाद देश में पहला प्राइवेट सेक्टर में बनेगा एयरो स्पेस कॉम्पलेक्स

# गुजरात में बनेगा सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स

### एयरफोर्स के लिए 22 हजार करोड़ की लागत से खरीदे जाने हैं 56 ट्रांसपोर्ट विमान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**गांधीनगर/जयपुर।** रक्षा उपकरणों की सबसे बड़ी प्रदर्शनी डिफेंस एक्स्पो 2022 का आगाज मंगलवार से गांधीनगर में हो गया हैं। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए एक्स्पो में पहली बार सिर्फ स्वदेशी कंपनियां ही भाग लेगी। वे ही विदेशी कंपनियां में शिरकत करने जा रही है, जो यहां की बड़ी डिफेंस कंपनियों से ज्वाइंट वेंचर करे रही हैं। इस अभियान के तहत ही इंडियन एयरफोर्स के ट्रांसपोर्ट बेड़े के लिए 22 हजार करोड़ की लागत से एयरबस से खरीदे जा रहे 56 सी-295 एमडब्ल्यू ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की खरीद हो रही हैं। इस विमान प्रोडक्शन लाइन गुजरात के धोलेरा स्थित स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन में स्थापित किया जाना हैं।

एयरबस डिफेंस एंड स्पेस और टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड की ओर से एक्स्पो के दौरान इसकी घोषणा करने की तैयारी हो चुकी हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले ये केंद्र सरकार का यहां प्लांट स्थापित करवाना मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा हैं। हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बाद देश में पहला प्राइवेट सेक्टर में एयरो स्पेस कॉम्पलेक्स धोलेरा में स्थापित होगा।

### 16 रेडी फ्लाई मिलेंगे, 40 असेम्बल होंगे

**एयरफोर्स** के ट्रांसपोर्ट बेड़े में नए विमान खरीदने के लिए गत साल मोदी सरकार ने 2.8 बिलियन यानी 22 हजार करोड़ की लागत से 56 सी-295 एमडब्ल्यू ट्रांसपोर्ट विमान खरीदने को मंजूरी दी थी। एयरबस के साथ डील के दौरान स्वदेशी कंपनी के साथ विमान तैयार करने की शर्त रखी गई। इसके तहत ही एयरबस ने टाटा से हाथ मिलाया। आगामी चार साल में 16 विमान सीधे स्पेन से भारत आएंगे, शेष 40 विमान यहीं पर तैयार होंगे। यहीं पर एयरोस्पेस कॉम्पलेक्स स्थापित होगा। यहां पर 40 विमानों की प्रोडक्शन लाइन बनेगी यानी विमानों असेम्बल होंगे। इंडस्ट्रियल इको सिस्टम में प्रमुख रूप से उत्पादन, असेम्बली लाइन, विमानों के टेस्टिंग की सुविधा विकसित होगी। विमानों की डिलवरी होने के बाद उनकी मेंटेनेंस भी यहीं पर की जाएगी। विमान में भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड से स्वदेशी इलेक्ट्रोनिक वारफेयर सिस्टम लगाया जाएगा।

### इसलिए स्थापित होगा धोलेरा में कॉम्पलेक्स

दोनों ही कंपनियों में डील होने के बाद मोदी सरकार ने गुजरात में इसका प्लांट स्थापित करने की तैयारी शुरू की। गुजरात सरकार ने तीन स्थानों पर जमीन चिह्नित की। इसके बाद सरकार ने सीधे ही धोलेरा के स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन में इसे स्थापित करने के लिए जमीन तय की। धोलेरा का चयन होने की कई वजह हैं। इनमें सबसे पहली, ये दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के पास में बना हुआ हैं। वहीं यहां पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण चल रहा हैं। गुजरात में पोर्ट होने के कारण भी सप्लाई लाइन आसान रहेगी। इस प्लांट से आने वाले दस सालों में सीधे तौर पर 25 हजार से ज्यादा नौकरियां मिलेगी। इसमें दस हजार दक्ष कार्मिक भी शामिल हैं। इस डील के बाद भविष्य में निजी क्षेत्र में बड़े ग्लोबल प्लेयर्स के हमारी कंपनियों के साथ प्लांट स्थापित करने की संभावना रहेगी।



## जागरूक खबरें

### ■ ऑनलाइन महिला रचनाकार प्रशस्ति कार्यक्रम आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा महिला रचनाकार शख्सियतों के उत्साहवर्धन हेतु एवं उनके मन के भावों को आदर देने के उद्देश्य से ऑनलाइन महिला रचनाकार प्रशस्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला रचनाकारों को अलग-अलग विषयों के विकल्प देकर उसमें से किसी एक विषय का चयन करके उस विषय पर आधारित रचना लिखने के लिए कहा गया था। इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों की महिला रचनाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने दिए गए विषयों पर आधारित एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट रचनाओं के माध्यम से अपने मन के भावों को प्रस्तुत कर ऑनलाइन 'महिला रचनाकार प्रशस्ति कार्यक्रम' की शोभा में चार चाँद लगा दिए। इस कार्यक्र म में समूह द्वारा अपने पिछले ऑनलाइन साहित्यिक कार्यक्रमों में मंच की शोभा बढ़ा चुकी महिला रचनाकारों को विशिष्ट साहित्यिक शख्सियत के तौर पर जोड़कर उन्हें ऑनलाइन 'पुनीत महिला गौरव' सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार जी ने प्रतिभागी रचनाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया तथा सम्मानित महिला रचनाकार शख्सियतों को उज्ज्वल साहित्यिक जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने हिंदी रचनाकारों को आने वाले ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सवों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सादर आमंत्रित भी किया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम संध्या शर्मा, सुषमा पांडे, सीमा मोटवानी, राज सुराना रचनाकारों के रहे।

---

### सरकार को 6 साल में सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिला, रियल एस्टेट कारोबार की चांदी

# राजस्थान में प्रोपर्टी खरीदने का बना नया रिकॉर्ड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोरोनाकाल के खत्म होने के साथ दूसरे बाजारों की तरफ रियल एस्टेट बाजार में भी रौनक आने लगी है। यही कारण है कि पिछले 2 साल के मुकाबले इस साल लोगों का घर-प्रोपर्टी में निवेश के प्रति रूझान ज्यादा देखने को मिला है। लोगों के इस रूझान से रियल एस्टेट कारोबारियों की तो चांदी हो ही रही है, राजस्थान सरकार को भी खूब फायदा हो रहा है। यही कारण है कि इस बार 11 अक्टूबर तक सरकार को प्रोपर्टी की रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी की फीस से रिकॉर्ड रेवेन्यू मिला है। पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क विभाग राजस्थान से मिली एक रिपोर्ट देखें तो इस




साल 1 अप्रैल से 11 अक्टूबर तक राज्य सरकार को रजिस्ट्री एवं स्टाम्प फीस से 3520.37 करोड़ रुपए रेवेन्यू मिला है। पिछले 6 साल की रिपोर्ट देखे तो सरकार को रजिस्ट्री एवं स्टाम्प फीस के पेटे इतने कम समय में (अप्रैल से 11 अक्टूबर तक) कभी इतनी इनकम नहीं हुई। ये तब है जब अशोक गहलोत की सरकार ने रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में कई तरह की रियायतें दे रखी है। पिछले साल सरकार को 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर तक 3423.08 करोड़ का रेवेन्यू मिला था, जो सर्वाधिक रेवेन्यू का रिकॉर्ड था।

#### नवरात्रा में हुई जमकर खरीद

इस साल नवरात्रा ही नहीं बल्कि श्राद्ध पक्ष में भी लोगों ने प्रोपर्टी में निवेश में अपना रूझान रखा। इस साल 10 सितम्बर श्राद्ध पक्ष शुरू होने से 5 अक्टूबर विजय दशमी (दशहरा) तक पूरे प्रदेश में एक लाख से ज्यादा प्रोपर्टी के दस्तावेजों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इससे राज्य सरकार को करीब 400 करोड़ रुपए का रेवेन्यू मिला है।

#### 50 फीसदी टारगेट अचीव

राज्य सरकार ने इस साल रजिस्ट्री और स्टाम्प फीस से जो रेवेन्यू जुटाने का टारगेट रखा था उसका 50 फीसदी से ज्यादा रेवेन्यू 11 अक्टूबर तक मिल चुका है। मौजूदा ट्रेंड को देखते हुए अनुमान जताया जा रहा है कि इस साल भी सरकार को टारगेट से ज्यादा रेवेन्यू मिल सकता है। अगर ऐसा होता है तो ये लगातार दूसरा साल होगा जब टारगेट से ज्यादा रेवेन्यू मिलेगा। इससे पहले साल 2021-22 में सरकार को 6492.57 करोड़ का रेवेन्यू मिला था, जबकि सरकार का टारगेट 6100 करोड़ रुपए का था।

#### सरकार ने ये दे रखी है छूट

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस साल बजट में रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी पर कई तरह की छूट दे रखी है। प्रदेश में 50 लाख रुपए तक की कीमत वाले फ्लैट की खरीद पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी को 6 से घटाकर 4 फीसदी कर रखा है। इसी तरह 50 वर्गगज तक के कॉमर्शियल भूखंड पर स्टाम्प ड्यूटी पर एक फीसदी की छूट और 100 वर्गगज तक के भूखंड या उस पर बने मकान खरीद पर भी लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी पर 1 फीसदी की छूट दी है।

#### रेवेन्यू की रिपोर्ट

| वित्तवर्ष | रेवेन्यू (करोड़ रु. में) |
|---|---|
| 2019-20 | 2491.20 |
| 2020-21 | 2573.70 |
| 2021-22 | 3423.08 |
| 2022-23 | 3520.37 (11 अक्टूबर तक) |

---

### हेरिटेज सिटी : मुख्य प्रावधान और रोड नेटवर्क प्लान तैयार, जेडीए निर्धारित करेगा डिजाइन, करीब 125-150 योजनाएं बस सकेंगी

# 3300 बीघा में परकोटे की तर्ज पर बनेंगे बरामदे, 9 चौपड़, 6 एंट्री गेट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मास्टर प्लान में प्रस्तावित एक और हेरिटेज सिटी का सपना जल्द साकार होगा। आगरा रोड पर रिंग रोड साउथ के आसपास करीब 3300 बीघा में परकोटे की तर्ज पर हेरिटेज सिटी डवलप की जाएगी। जेडीए ने प्रस्तावित हेरिटेज सिटी के मुख्य प्रावधान और रोड नेटवर्क प्लान को टाउन प्लानिंग ने मंजूरी दे दी है। इसमें प्राइवेट डवलपर निजी खातेदारी जमीनों पर योजनाएं डवलप कर सकेंगे। इस पूरी योजना का लैंड यूज मिक्स माना जाएगा और आवासीय, व्यवसायिक व संस्थानिक योजानाओं को नियामानुसार दी जाएगी।

हेरिटेज सिटी में चारदीवारी की तर्ज पर बरामदे, 9 चौपड़, 6 एंट्री गेट बनेंगे। इसमें मुख्य सड़कें 30 मीटर चौड़ी होगी और इंटर कनेक्ट सड़क की चौड़ाई 30 मीटर से कम होगी। योजना में 30 मीटर चौड़ी सड़कों पर व्यावसायिक और मिश्रित भूखंडों में फ्रंट और साइड सैटबैक शून्य रहेगा। वहीं सड़क की तरफ सैटबेक बिल्डिंग बॉयलाज के नियमानुसार छोड़ना होगा। बिल्डिंग की ऊंचाई 15 मीटर ही रहेगी, इसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर के साथ 3 मंजिला बिल्डिंग बनाई जा सकेगी। पहले यह योजना 13 वर्ग किमी में प्रस्तावित थी, लेकिन 4.75 वर्ग किमी एरिया ईकोलॉजिकल से प्रभावित होने से योजना का दायरा घटाकर 8.25 वर्ग किमी रखा गया है। हाउसिंग बोर्ड की ओर से



#### पार्ट-ए और पार्ट-बी में डवलप होगी हेरिटेज सिटी

- » हेरिटेज सिटी दक्षिण रिंग रोड के पश्चिम दिशा में पार्ट-ए और पूर्वी दिशा में पार्ट-बी माना जाएगा।
- » हेरिटेज सिटी में मुख्य 30 मीटर चौड़ी सड़कों, बरामदों, मुख्य एंट्री गेट, चौपड़ों का डिमार्केशन व निर्माण जेडीए करेगा।
- » योजना में 30 मीटर चौड़ी सड़कों के पैररल दोनों और 4-4 मीटर के बरामदे और इसके बाद 19 मीटर की चौड़ी पट्टी में मिक्स यूज के भूखंड सृजित होंगे।
- » प्रस्तावित 9 चौपड़, 6 मुख्य प्रवेश द्वारों का नाम स्वंत्रता सेनानियों, महापुरुषों, जयपुर और राजस्थान के इतिहास के बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए होगा।
- » हेरिटेज सिटी के लगते इकोलॉजिकल एरिया में पहाड़ी पर सेंट्रल पार्क, रीजनल पार्क की तर्ज पर बॉयो डायवर्सिटी पार्क जेडीए विकसित करेगा।
- » यहां एक योजना जेडीए भी हेरिटेज थीम पर बसाएगा, फिलहाल निजी विकासकर्ता का एक योजना के लिए आवेदन कर दिया है।
- » 3300 बीघा में करीब 125 से 150 योजनाएं विकसित होंगी।

#### ये गांव किए शामिल

»चकमाता सोला » गोविंदपुरा रोपाड़ा » खोरी आंशिक भाग »हीरापुरा आंशिक भाग »लखेसरा आंशिक भाग » हिंगोनिया आंशिक भाग » बटेसरी आंशिक भाग।

#### हैरिटैज लुक के प्रारूप

हैरिटेज सिटी की योजनाओं और भूखण्डों के लिए पृथक से पत्रावली हैरिटेज लुक में तैयार की गई है। इस योजना के लिए अलग से 90-ए का प्रारूप तैयार किया गया है। पट्टे क प्रारूप भी अलग रखा गया है। सभी मुख्य सड़कों का निर्माण जेडीए कराएगा। योजना में जेडीए की लगभग 30 हैक्टेयर भूमि उपलब्ध है।

**शहर** में रिंग रोड दक्षिण के आसपास में हेरिटेज सिटी बसेगी। इसके मुख्य प्रावधान और रोड नेटवर्क के प्लान को टाउन प्लानिंग ने मंजूरी दे दी है। हेरिटेज सिटी में बिल्डिंग निर्माण चारदीवारी की तर्ज पर ही होगा। इस बसने वाली योजनाओं का मंजूरी भी फास्ट ट्रैक पर मिलेगी।
**-रवि जैन,** जेडीए आयुक्त

---

### आईआईटीएफ में प्रदर्शित होगा राजस्थान के व्यंजन, संगीत और उत्पादों का अनूठा संगम-अध्यक्ष, राजसिको

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 नवम्बर से होने वाले 41वे इण्डिया इन्टरनेशनल ट्रेड फेयर 2022 की तैयारियों की समीक्षा की। राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित समन्वय समिति ने राजस्थान पैवेलियन निर्माण हेतु इच्छुक फर्मो का प्रस्तुतिकरण देखा। अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष राजस्थान पैवेलियन राजस्थान की अनूठी विरासत के आधार पर बनवाया जावेगा जिसमे राजस्थान की संस्कृति, संगीत, हस्तशिल्प उत्पादो का वृह्द प्रदर्शन किया जावेगा। आई.आई.टी.एफ. में आने वाले लोग राजस्थानी व्यंजन का लुफ्त उठा सकेगे एवं राजस्थानी संगीत की जीवंत प्रदर्शनी का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही प्रदर्शनी में स्टॉल लेने वाले उद्यमियों, हस्तशिल्पियो एवं बुनकरों इत्यादि को दूरगामी व्यापारिक लाभ पहुचाने के प्रयास किये जावेगे। बैठक में आयुक्त उद्योग महेन्द्र पारख, आयुक्त, वीआईपी ओमप्रकाश कसेरा, निगम की प्रबन्ध निदेशक डॉ मनीषा अरोड़ा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

### गहलोत की हरी झंडी : राजकीय भवनों की होगी जिओ टैगिंग

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य में अब प्रत्येक राजकीय भवन की जिओ टैगिंग हो सकेगी। सीएम अशोक गहलोत ने इसके प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब गहलोत राज्य के विभिन्न विभागों व उपक्रमों की परिसंपत्तियों, योजनाओं एवं कार्यों की भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के माध्यम से जिओ टैगिंग की जा सकेगी और उन्हें मैप से जोड़ा जाएगा। प्रारंभ में 153.80 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। जीआईएस एक ऐसी प्रणाली है जिसे पृथ्वी की सतह पर भौगोलिक स्थितियों के संबंध में डाटा एकत्रित करने, संग्रहित करने, संशोधन करने तथा विश्लेषण करने के लिए बनाया गया है। साथ ही, इस प्रणाली से डाटा प्रबंधित करने तथा प्रस्तुत करने का कार्य भी किया जा सकता है। गहलोत की स्वीकृति से अब राज्यव्यापी जीआईएस प्रणाली के माध्यम से सभी विभाग अपनी परिसंपत्तियों, सुविधाओं, योजनाओं व कार्यक्रमों का भू-स्थानिक डाटा जीआईएस आधारित प्लेटफॉर्म से जोड़ सकेंगे। इससे संसाधन संग्रहण एवं वितरण, विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के नीति नियोजन के संबंध में निर्णय लेने और उनके निरीक्षण में आसानी होगी। इस निर्णय से विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यों के भू-चिन्हित सर्वेक्षण से क्षेत्रीय स्तर पर सेवा प्रदायगी बेहतर हो सकेगी। आपदा या महामारी के दौरान संसाधनों का बेहतर प्रबंधन भी इस प्रणाली के माध्यम से हो सकेगा। साथ ही, सभी राजकीय भवन एक ही मैप पर उपलब्ध होंगे तथा आमजन के लिए इन भवनों तक पहुंचना आसान हो सकेगा।

---

## जीवनसाथी का हर कदम पर सहयोग सफलता का आधार-वजीरानी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** करवा चौथ पर्व पर केवल सौभाग्यवती होने की कामना ही नहीं की जाती बल्कि पूरे परिवार व समाज की खुशहाली की कामना से मनाया जाता है। कोई भी सुहागिन तब तक खुश नहीं रह सकती जब तक जीवनसाथी का पूरा साथ व सहयोग नहीं मिले। मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे मोहनजी वजीरानी के रूप में ऐसे जीवनसाथी प्राप्त हुए जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया और हर मुश्किल पल में मेरे सबसे बड़े संबल बने। आपके सहयोग के कारण ही बेस्ट वुमेन ऑफ दी इयर और अरबन बैंक बेस्ट एमडी जैसे अवार्ड मिल पाए। हाल ही 7 अक्टूबर को वृहद स्तर पर आयोजित चित्तौड़गढ़ समिट में चित्तौड़गढ़ अरबन बैंक के सुचारू कार्य संचालन के लिए भी सम्मान प्राप्त हुआ। ये सभी सफलताएं जीवनसाथी से मिले अपार सहयोग के कारण ही हो पाई जिन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में हर कदम पर मेरा साथ दिया। ईश्वर से यहीं प्रार्थना है कि सभी स्वस्थ, खुशहाल व समृद्ध रहे और करवा चौथ का पर्व सभी के लिए मंगलदायक रहे।

## 400 करोड़ के 53 रॉयल्टी ठेकों की ई-नीलामी आज से शुरु

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने खनन पट्टों से निकलने वाले खनिज पर देय राजस्व की वसूली के लिए 27 स्थानों के 53 रॉयल्टी ठेकों की ई-प्लेटफार्म पर नीलामी प्रकिया शुरु कर दी है। रायल्टी नाकों की ऑनलाईन नीलामी भारत सरकार के ई-पोर्टल पर 19 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक होगी। ई-नीलामी की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट व भारत सरकार के पोर्टल पर देखी जा सकती है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं जलदाय डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि माइंस विभाग द्वारा जारी खनन पट्टो से निकाले जाने वाले खनिज पर वसूल किए जाने वाले रॉयल्टी कलेक्शन कॉन्ट्रेक्ट (आरसीसी), एक्सेस रॉयल्टी कलेक्शन कॉन्ट्रेक्ट (ईआरसीसी), जिला स्तरीय मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी), राज्य स्तरीय मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (आरएसएमईटी) आदि के लिए दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 400 करोड़ रुपए से अधिक की आरक्षित राशि के इन ठेकों की ई-नीलामी सूचना 8 अक्टूबर को जारी कर दी गई थी।

### पुष्कर सरोवर में दिवंगत शर्मा की अस्थियों का किया विसर्जन

**अजमेर @ जागरूक जनता।** सरदारशहर के विधायक एवं राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे दिवंगत पंडित भंवरलाल शर्मा की अस्थियों का विसर्जन तीर्थराज पुष्कर के पवित्र सरोवर पर होगा। पुष्ट जानकारी के मुताबिक आगामी बीस अक्टूबर गुरुवार को प्रातः साढ़े दस बजे पुष्कर सरोवर स्थित जयपुर घाट पर दिवंगत ब्राह्मण नेता का पूरे विधि विधान एवं पूजा अर्चना के बाद अस्थि विसर्जन किया जाएगा। इससे पहले अस्थि कलश के रथ के अजमेर एवं पुष्कर पहुंचने पर ब्राह्मण समाज, विप्र बंधु तथा आमजन अस्थि कलश पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

---

**ANCHOR** रन फॉर जीरो हंगर अभियान के तहत् 10 लाख को भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प

# वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के सहयोग में ज़िंक परिवार के 1600 से अधिक सदस्य बने प्रतिभागी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** वेदांता समूह की कंपनी और जस्ता, सीसा और चांदी की देश की सबसे बडी और एकमात्र एकीकृत उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक परिवार के सदस्यों ने रविवार 16 अक्टूबर, 2022 को होने वाले वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिये अपनी सहभागिता की। रन फॉर जीरो हंगर अभियान के तहत् 10 लाख को भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प के तहत् प्री रन का आयोजन हिन्दुस्तान ज़िंक की संचालन इकाईयों में किया गया। इस प्री-रन में 1600 से अधिक लोगों ने हिस्सा लेते हुए 48451 किमी दौड़कर 48000 से अधिक बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने में योगदान दिया। समुदाय को पुनः लौटाने के कंपनी के सिद्धांत के अनुरूप, इस मैराथन में हिंदुस्तान जिंक ने नंदघर परियोजना के बाल कुपोषण को खत्म करने के लक्ष्य को बढ़ाने के लिए अपनी महती भूमिका निभायी।

इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि "जिंक परिवार ने जीरो हंगर के पुनीत अभियान में सहभागिता कर वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन से पूर्व आयोजित प्री-रन में 48000 से अधिक लोगो को भोजन उपलब्ध कराने में योगदान दिया है। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आगे आना और अपना योगदान देना अनिवार्य है। यह अनूठा अभियान वेदांता और चेयरमैन अनिल अग्रवाल के सिद्धांतो के अनूरूप है और समुदायों की एक साथ आने की भावना का प्रतीक है। "



वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में 45,000 से अधिक प्रतिभागी होंगे, जिनमें से 25 प्रतिशत महिलाएं होंगी। ऑन-ग्राउंड रेस और वर्चुअल रन में इसके प्रतिभागियों द्वारा चलाए जा रहे प्रत्येक किलोमीटर के लिए, फ्लैगशिप सीएसआर परियोजना नंदघर के बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाएगा।

मैराथन पर अपने विचार साझा करते हुए, वेदांता लिमिटेड की नॉन एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्रिया अग्रवाल ने कहा कि 'कुपोषण मुक्त भारत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में, हमारे नंद घर 7 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं के जीवन को सकारात्म रूप से प्रभावित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी रन फॉर जीरो हंगर अभियान के लिये आमंत्रित कर रहे है। नंद घर वेदांता की प्रमुख आंगनवाड़ी परियोजना है जिसका उद्देश्य बाल कुपोषण को मिटाना, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना और कौशल विकास के साथ महिलाओं को सशक्त बनाना है। नंद घर पहल की सहायता के लिए, 3145 खुशी आंगनवाड़ियों में से 314 केंद्रों को शिक्षा केंद्र बनाया गया है। इस सीएसआर पहल ने देश भर में 7 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं के जीवन को लाभान्वित किया है।

प्री रन में हिन्दुस्तान ज़िंक की सीएसआर परियोजना में संचालित शिक्षा संबल, कौशल विकास, सखी,समाधान और ज़िंक फुटबॉल अकादमी के लाभार्थियों के साथ-साथ एनजीओ पार्टनर और सीएसआर कोऑर्डिनेटर ने भी इसमें भाग लेकर अपना योगदान दिया।दिल्ली हाफ मैराथन में 268,000 डॉलर की पुरस्कार राशि है, और अंतरराष्ट्रीय विजेता को 27,000 डॉलर मिलेंगे, जबकि भारतीय विजेता को 3,50,000 रुपये का पुरस्कार मिलेगा। मैराथन में सभी आयु समूहों के लिए पुरस्कार राशि है।

---

# लंपी से बने घाव को रोक रहा है रामदेव गौशाला चौरा का दवाई पेस्ट

### दवाईयों के मिश्रण से प्रतिदिन गौशाला में हाथ से तैयार कर है पेस्ट

### भामाशाहों के सहयोग से लाखों रुपए का नि शुल्क दवाई पेस्ट किया वितरित

### लंपी पीड्ति गौवंश के घाव ठीक करने में गौशाला का पेस्ट रामबाण साबित हो रहा है

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचौर।** प्रदेश के गौवंशों में तेजी से फ़ैल रही लंपी स्कीन डीज़ीज़ नामक बीमारी से कई गौवंश बीमारी की चपेट में आने के बाद वापस ठीक नहीं हो पा रहे हैं लेकिन वर्तमान समय में लंपी पीडित्त ज्यादातर गौवंशों के शरीर में बडे बडे घाव हो रहे हैं जिससे उसके शरीर से रक्तस्त्राव ज्यादा होता है उस घाव को ठीक करने के लिए उपखंड क्षेत्र के चौरा स्थित श्री रामदेव वात्सल्य गौशाला में दवाईयों के मिश्रण से दवाई पेस्ट बनाया जाता है और उस पेस्ट को लगाने से घाव ठीक हो रहें हैं। गौशाला संचालक ने बताया कि लंपी पीडित्त बीमारी से गौवंशों के शरीर में बड़े बड़े घाव से गौवंश की जान बचाने के लिऐ श्री रामदेव वात्सल्य गौशाला चौरा में भामाशाहों व मोरबी ग्रुप के सहयोग से 9 दवाई का फार्मूला अपनाकर दवाई पेस्ट तैयार कर रहे हैं उक्त पेस्ट को घाव पर लगाने से तुरंत राहत मिलती है। जिलेभर के कई गांवों व बाड्मेर पाली जोधपुर जिले के गौ पालक भी दवाई पेस्ट लेने गौशाला आते हैं और उनको निशुल्क पेस्ट दे रहे हैं। लाखों रुपए की दवाई पेस्ट के रूप में वितरण कर गौवंशों की जान बचाई जा रही है। साथ ही संचालक ने बताया कि गौशाला हमेशा आर्थिक तंगी में रहता है लेकिन बीमारी से पीड़ित बेसहारा व घरेलू गौवंश का निःशुल्क इलाज कर गौ सेवा कर रहे हैं।



**दवाईयों के मिश्रण से तैयार दवाई पेस्ट लाखों रुपए का वितरित**

गौशाला में दवाईयों के मिश्रण से हाथ से प्रतिदिन तैयार किया जा रहा दवाई पेस्ट कई गौ पालक निशुल्क ले जाते हैं और उक्त पेस्ट का परिणाम भी सकारात्मक आता है जिसके बाद से गौशाला में प्रतिदिन पेस्ट बनाकर नि शुल्क वितरित कर गौसेवा में पहल कर रहे हैं।

**मेरी** ग्राम पंचायत के लियादरा गांव में गौसेवा समुह की तरफ से लंपी बीमारी को कम करने के लिए युवाओं की टीम कोशिश कर रही है लेकिन गौवंशों में हो रहे घाव बाजार की दवाई से ठीक नहीं हो रहे थे जब गौशाला में बना पेस्ट लाकर एक गौवंश के दो से तीन बार लगाने पर गौवंश ठीक हो रहें हैं। गौवंशों में फैली इस बीमारी की स्थिति में इस प्रकार का पेस्ट बनाकर वितरित करना काबिले तारीफ है।
**- राणाराम सियाग,** सरपंच बिजरोल

# ना ही रूकेगी, ना ही थकेगी अनवरत चलेगी ब्रज 84 कोस पैदल परिक्रमा



नन्दगाँव @ जागरूक जनता। श्रीमाताजी गऊशाला एवं मानमंदिर के संचालक संत श्री रमेश बाबा के सानिध्य में ब्रज 84 कोस परिक्रमा 9 अक्टूबर से चल रही है। बीच में भारी वर्षा के कारण यात्रा को अल्प समय के लिए विराम दिया गया और निजी वाहनों से यात्रा करवाई। कुछ यात्री बिना यात्रा के ही लौट गए। मगर अडिग श्रद्धालु डटे रहे। यात्रा पुन: शुरू हुई। यात्रा संचालक मंडल के मुख्य अधिकारी सुनील सिंह एवं बापू ने 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के रहने, नहाने एवं भोजन की बहुत ही सुन्दर व्यवस्था की है। इनके अलावा टीम के सदस्यों में रास बिहारी, ध्वजा वाले पंडित जी, गोपाल राधाकांत शास्त्री, भोजनशाला में निहाल सिंह, टैंकर में गजेन्द्र यादव, कीर्तन में नरसिंह बाबा सहित अनेक सदस्य अपनी निष्काम भाव से सेवाएं दे रहे हैं।











सिर्फ राधे-राधे















































## जागरूक खबरें

### लो फ्लोर बसों में बगैर टिकट यात्रा की तो अब देना होगा दोगुना जुर्माना

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड यानी जेसीटीएसएल की लो फ्लोर बसों में अब बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर जुर्माना दोगुना लगाया जाएगा। पहले बिना टिकट यात्रा करने या कम राशि का टिकट लेकर अधिक दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों से 100 रुपए की पेनल्टी वसूल की जाती थी। जिसे अब बढ़ाकर 200 रुपए कर दिया गया है। यह निर्णय जेसीटीएसएल कंपनी संचालक मंडल की 64वीं बैठक में किया गया है।

विशेषाधिकारी आरएएस राजकुमार कस्वां ने बताया कि यह आदेश 1 नवंबर से प्रभावी होंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उड़नदस्ते की ओर से यात्रियों से पेनल्टी राशि वसूल कर रसीद जारी दी जाएगी। जिसकी एक प्रति यात्री को दी जाएगी। वहीं, दूसरी प्रति चालान के साथ नत्थी कर प्रत्येक सोमवार को लेखाधिकारी, जेसीटीएसएल मुख्यालय को जमा करवानी होगी।

**लंबे समय से जुर्माना बढ़ाने की थी मांग :** गौरतलब है कि जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की लो फ्लोर बसों में जुर्माना राशि बढ़ाने की लंबे समय से मांग की जा रही थी। दरअसल, इसका बड़ा कारण यह था कि जुर्माना राशि केवल 100 रूपए होने के कारण बगैर टिकट यात्रा करने वालों की तादाद बढ़ रही थी। ऐसे में अब जुर्माना राशि बढ़ने से यात्री वैध टिकट लेकर यात्रा करेंगे।

जिला कलक्टर ने जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया मैराथन दौरा

# पॉलिसी के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी-कलक्टर

### दीपावली पूर्व साफ-सफाई, रोशनी से संबंधित की जा रही व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने दीपावली त्यौहार से पहले की जा रही व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को जयपुर शहर के चांदपोल, नाहरगढ़, किशनपोल, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, गोविन्द देवजी मंदिर, हवामहल, बडी चौपड़, रामगंज बाजार, रामगंज चौपड़ एवं घोड़ा निकास क्षेत्रों में जाकर साफ-सफाई एवं रोशनी से संबंधित की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने सर्वप्रथम चांदपोल बाजार का निरीक्षण किया जहां पर स्थानीय व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। जयपुर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि बाजारों के बरामदों में अतिक्रमण की समस्या है जिसकी वजह से बाजारों में आने वाले ग्राहकों के लिये पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिस पर जिला कलक्टर ने कहा कि पॉलिसी के तहत अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वर्षा के समय बरामदों में करंट आने की समस्या के बारे में अवगत कराया जिसे लेकर कलक्टर ने संबंधित अधिशाषी अभियंता को अभियान चलाकर समस्या का निदान करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने नाहरगढ़ बाजार का निरीक्षण किया जहां पर स्थानीय व्यापारियों ने अवगत कराया कि रोड पर क्षतिग्रस्त बिजली का पोल है जो कभी भी गिर सकता है जिस पर जिला कलक्टर ने पोल को हटाने के निर्देश दिये। गणगौरी बाजार में कचरे की समस्या का निस्तारण के लिये नगर निगम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने गणगौरी बाजार का जब निरीक्षण कर रहे थे तब स्थानीय व्यापारियों ने अवगत कराया कि नगर निगम द्वारा बोरडी के कुएं का रास्ते में कचरे के ढेर का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। जिसे लेकर कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को कचरे को हटाने के निर्देश दिये। जिस पर नगर निगम की टीम द्वारा आज ही मौके पर जाकर कचरे को हटा दिया गया है।

जिला कलक्टर ने हवामहल बाजार में मेन रोड में हो रहे गड्ढों को ठीक करवाने के निर्देश दिये। इसी तरह घोड़ा निकास क्षेत्र में रोड की साईड को दुरूस्त करवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबूब्रक, उपायुक्त नगर निगम हेरिटेज आशीष कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

श्री महावीर जैन मंडल ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# आक्रोशित जैन समाज ने मानव श्रृंखला बनाकर जताया विरोध



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** समग्र जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन मंडल चित्तौड़गढ़ द्वारा गुरुवार अपरान्ह महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि टीआरएस नेताओं द्वारा जैन मुनि राष्ट्रसंत तरुणसागर जी महाराज एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में की ट्विटर पर गई अभद्र टिप्पणी पर तुरंत कार्रवाई हो और ऐसा दुस्साहस करने वाले नेता और पार्टी पूरे देश के जैन समाज से माफी मांगे और इस बात का आश्वासन दे कि भविष्य में इस तरह की घटना की कभी पुनरावृति नहीं होगी।

मंडल प्रचार प्रसार सचिव सुधीर जैन ने बताया कि ज्ञापन से पूर्व कलेक्ट्री चौराहे पर बड़ी संख्या में जैन समाज के व्यक्तियों और महिलाओं ने "साधु संतों का अपमान, नहीं सहेंगे,नही सहेंगे", टी आर एस नेता माफी मांगो"के नारों के साथ मानव श्रंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन कार्यक्रम में जैन समाज के विभिन्न संघों के अध्यक्ष जिनमें संरक्षक अशोक कुमार मेहता, ओमप्रकाश अजमेरा, ललित सेठिया, चंद्रसिंह कोठारी, ओमप्रकाश अजमेरा,अजीत ढीलीवाल, उपाध्यक्ष पारसमल पटवारी,राजेंद्र पाटनी, अशोक भंडारी, कोषाध्यक्ष संपत लाल डांगी, सचिव विपिन नाहर, राजकुमार बज,प्रचार प्रसार सचिव सुधीर जैन, सांस्कृतिक सचिव रमेश अजमेरा, महावीर जैन महिला मंडल अध्यक्षा ज्योति चंडालिया, महावीर नवयुक मंडल अध्यक्ष लोकेश डांगी, परामर्श मंडल के रघुवीर जैन, डॉ नेमीचंद अग्रवाल, महेंद्र कुमार टोंग्या, डॉ आर एल मारु, मनसुख पटवारी, प्रो. सी एम रांका, ऋषभलाल सुराणा, हस्तीमल चंडालिया, विमल सरूपरिया, विमल कोठारी, कमल जैन, राजेश पगारिया सहित विमला सेठिया, सुरेश कुमार डांगी, सुनील कुमार बोहरा, अशोक श्रीमाल, राजेंद्र दोशी, महावीर जैन, पारसमल बाबेल, प्रदीप डांगी,हस्तीमल चंडालिया, डा अरविंद सांखला, चांदमल बोकड़िया, सुरेश बडाला, दिलीप पटवारी,अभय बोहरा,दिलीप जैन, डॉ जी एस जैन,वीरेंद्र कुमार पगारिया, आदित्येंद्र सेठिया, संजय खाब्या, पवन पटवारी, कैलाश पोखरना, प्रकाश पगारिया, विजय मालू, प्रवीण बोहरा, रोशन लोढ़ा,संजय पाटनी, अनुज जैन, पुर्णेश जैन,राजेंद्र कुमार गोधा, सुनील ढीलिवाल, नवीन जैन, मनोज काला, रवि वीरानी, विजय छाजेड़, मुकेश सेठिया, अंगुरबाला भड़कत्या, मोनिका मेहता,लता सुराणा, अनिता भड़कत्या, रेखा गलुंडिया, विनिता लोढ़ा, आशा भंडारी, दिलखुश खेरोदिया, प्रियंका जैन, प्रभा जैन, मैना जैन, सहित जैन समाज के व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन का वाचन मंडल अध्यक्ष डॉ आई एम सेठिया ने किया और आभार मंडल महासचिव रणजीत सिंह नाहर ने व्यक्त किया।

ज्ञापन में विगत दिनों टीआरएस नेताओं द्वारा जिस प्रकार से राष्ट्रसंत तरूण सागर जी महाराज सा एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अमर्यादित और अनर्गल भाषा का उपयोग ट्विटर पर किया गया उसको असंवैधानिक बताते हुए मांग की गई कि टी आर एस पार्टी के नेता तुरंत माफी मांगे और ऐसे व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो ।

जैन संत एकेंद्रीय जीवों तक की रक्षा करने के लिए ऐसे उपकरण साथ रखते है जिससे उनकी रक्षा हो, प्राणी मात्र के कल्याण की भावना लेकर चलते है। पैदल विहार करते है उनके बारे में ऐसी भाषा का उपयोग कतई उचित नहीं है।

चर्चा में बने रहने के लिए जिस प्रकार के मिथ्या आरोप लगाकर जो दृष्कृत्य किए गए वह असहनीय है एवं जैन समाज के साथ कुठाराघात है। ऐसे दृष्कृत्य करने वाले व्यक्तियों के कारण पूरे देश भर के अंहिसा प्रेमियों एवं जैन समाज में भारी आक्रोश है।

संस्कृति द स्कूल का दो दिवसीय 18वाँ वार्षिकोत्सव शुरू

# नन्हे-मुन्नों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियाँ



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अजमेर।** संस्कृति द स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। वार्षिकोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के द्वारा नृत्य, गीत, संगीत व अभिनय की विविध प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि रूपिंदर सिंह (IPS) पुलिस महानिदेषक, अजमेर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

आज की युवा पीढ़ी में जिन संस्कारों का हनन हो चुका है उन्हीं संस्कारों से अवगत कराने हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की चारित्रिक विशेषताओं को साहित्य की विभिन्न विधाओं द्वारा कक्षा नर्सरी से पांचवी के विद्यार्थियों ने प्रदर्षित किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के जूनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा संस्कार थीम पर कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। भारतीय संस्कार व उनका व्यक्तित्व निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए मानव के सरल मन और उसकी विशेषताओं को विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्षित किया गया।

ब्लिसफुल लव में भाई-बहन के प्रति प्रेम-भाव, त्याग आदि को सुंदर तरीके से दर्शाया गया। संस्कार सार - कक्षा पांचवी के छात्रों के द्वारा दी गई प्रस्तुति में दर्षाया गया कि मनुष्य में यह सारे गुण आ जाए तो उसके जीवन को एक अच्छा आकार मिलेगा और यहीं आकार उसे अच्छा इंसान बनाएगा। इन विभिन्न प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम अंकुर में संस्कारों के द्वारा आकार देकर दर्शाया गया कि किस प्रकार मनुष्य अच्छे संस्कारों से अपने व्यक्तित्व को निखार सकता है। व्यक्ति में जैसे संस्कार रूपी बीज बोए जाते हैं उसी प्रकार के आकार रूपी फल प्राप्त किए जाते हैं। विभिन्न प्रस्तुतियों के द्वारा कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ।

कार्यक्रम में सत्र 2021-22 की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक स्तर पर उन्नत प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मती अल्पना सिंह परमार व हैड गर्ल ऐरा डागरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि रूपिन्दर सिंह महानिदेशक पुलिस ने कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा सभी विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का निर्देशन विद्यालय प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल ए के त्यागी व प्रधानाध्यापिका अल्पना सिंह परमार ने किया।




कई जिलों में धारा 144, पटाखें चलाने को लेकर गाइडलाइन जारी

# आतिशबाजी रात 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही करें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में दीपावली पर्व में कानून-व्यवस्था और अमन-चैन बनाए रखने के लिए कई जिलों में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू किए गए हैं। इसके चलते कई जगह धारा 144 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिया है कि दीपावली को देखते हुए आतिशबाजी रात 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही की जाए एवं रात्रि 10 बजे के बाद पटाखें नहीं छोड़े जाए व अन्य आतिशबाजी भी नहीं की जाए। यह आदेश 27 अक्टूबर को शाम छह बजे तक अथवा अन्य आदेश होने तक जो भी पूर्व हो, प्रभावशील रहेगा। जोधपुर सहित कई जिलों में आदेश जारी हो गए हैं। दीपावली पर्व के अवसर पर असामाजिक तत्वों से एलपीजी गोदाम, पेट्रोल पंप, भूमिगत केरोसीन डिपोज, पेट्रोल के भण्डार, आगजनी और अन्य दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती हैं। इस त्यौहार के अवसर पर लोग अग्निवाहक पटाखे, बारूक का प्रयोग एवं ग्रीन आतिशबाजी की जाएगी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति अस्त्र शस्त्र, तेजधार वाले शस्त्र, लाठी आदि लेकर सार्वजनिक स्थान पर वितरण नहीं करेगा। ना ही ऐसे अस्त्र शस्त्र तेजधार वाले शस्त्रों का किसी प्रकार से प्रदर्शन करेगा, लेकिन यह प्रतिबंध शस्त्र अनुज्ञापत्र स्वीकृत अथवा नवीनीकरण संबंधी एवं थाने में जमा कराने के लिए विचरण करने वाले अनुज्ञाधारियों पर लागू नहीं होगा।

लिटररी फेस्टिवल-आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन करेगा आयोजन

# अभिव्यक्ति सीजन-2 जयपुर में 12 से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में पहली बार आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) की ओर से लिटररी फेस्टिवल-2022 'अभिव्यक्ति सीजन-2' का आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय स्तर पर होने वाला यह आयोजन जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 12 से 14 नंवबर तक होगा। आवा सप्त शक्ति कमांड की रीजनल प्रेसिडेंट रवनीत भिंडर ने बताया कि इसमें सेना के अधिकारियों- कर्मचारियों की पत्नियों, वीरांगनाओं तथा सेना में कार्यरत महिला अधिकारी-जवानों के कई क्रिएटिव पहलु देखने को मिलेंगे। 3 दिवसीय कार्यक्रम में सोशल इन्फलूसिंग, कावड़ आर्ट, क्रिएटिव राइटिंग , एंटरप्रेन्योरशिप तथा बुक पब्लिशिंग आदि पर वर्कशॉप होगी।

इसके अलावा स्पेशल इंटरव्यू, सफरनामा, रोल ऑफ आर्मी वाइव्स एज रोल मॉडल, किताबों की जुबानी, फेरी टेल्स नो मोर- व्हाट ए चिल्ड्रन रीड पर पैनल डिस्कशन, थिएटर परफोरमेंस-नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पॉइट्री सेशनः नगमा-ए-जिंदगी, काव्याधारा, स्टैंड अप कॉमेडी, काउसलिंग सेशन, ऑपन माइक सेशन, फूड स्टॉल, एंटरप्रेन्योरशिप स्टॉल आदि इंवेट और एक्टीविटीज होगी।

### पैनल परिचर्चा, वर्कशॉप, बुक लॉन्च होंगे खास

**आवा** सप्त शक्ति कमांड की रीजनल प्रेसिडेंट रवनीत भिंडर ने बताया कि आर्मी वाइव्स, लेखकों, कवियों, कलाकारों, एंटरप्रेन्योर्स को एक साथ लाने के उद्देश्य से हो रहे अभिव्यक्ति सीजन-2 कार्यक्रम में देशभर के पुस्तक प्रेमियों को विचारों का आदान-प्रदान करने और साहित्यिक स्तर पर बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा।आपको बता दे कि इसका पहला सीजन दिल्ली में ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर आयोजित किया जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर के लोगों का लिटरेचर एवं आर्ट एंड कल्चर के साथ आर्मी से विशेष जुड़ाव रहता है। इस तीन दिवसीय उत्सव में पैनल परिचर्चा, पुस्तक विमोचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राइटर्स के डेब्यू सहित अन्य आयोजन होंगे। इसमें आमजन भी भाग लेंगे। आवा अब फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे सोशल प्लेटफॉर्म पर भी है।

ANCHOR

दिशा समिति की बैठक आयोजित

# हाई टेंशन लाईनों को शिक्षा, जिला परिषद एवं विद्युत विभाग समन्वय कर हटाएं-पटेल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जालोर।** जालोर-सिरोही सांसद देवजी पटेल ने कहा कि खेल मैदानों से गुजर रही हाई टेंशन लाईनों को शिक्षा, जिला परिषद एवं विद्युत विभाग आपस में समन्वय कर हटवाना सुनिश्चित करें। सांसद देवजी पटेल कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। महिला अधिकारिता विभाग में आया हुआ बजट अधिकारी लापरवाही से खर्च नहीं कर पाए, जिस कारण बारह लाख रुपये लेप्स हो गए। इस पर सांसद पटेल ने कहा कि इस प्रकार के बजट को बेटियों की सुविधाओं में खर्च करें। विधायक गर्ग ने बैठक के दौरान आरोप लगाया कि सरकारी स्कूलों में मिड डे मील वितरण के दौरान बच्चों के साथ भेदभाव किया जाता है, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

जिला प्रमुख राजेश कुमार, जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग सहित बैठक में उपस्थित मनोनीत सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लेकर जिले में चल रही केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित किये जाने की बात कही। सांसद देवजी पटेल ने जिले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा खुदवाये गये ट्यूबवैल एवं हैण्डपम्प की मौजूदा स्थिति एवं रख-रखाव की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग एवं जलदाय विभाग को आपस में समन्वय रख मानवीय दृष्टिकोण से आमजन के हित में कार्य करने के दिशा-निर्देश दियेसांसद ने जालोर जिले में स्थापित सोलर पंप आधारित डीफ्लोराईडेशन पंपों के रखरखाव तथा खराब पड़े पंप को दुरूस्त करवाने की बात कही जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मीठे पानी का लाभ आमजन को मिल सकें साथ ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पाईपों के रखरखाव, लीकेज समस्या एवं अवैध कनेक्शनों को हटाकर टेल एण्ड तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सांसद देवजी पटेल ने कहा कि जिले में पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं के बारे में लेते हुए कहा कि प्रोजेक्ट्स का समय पर पूर्ण होना बेहद आवश्यक हैं और परियोजनाएँ समय पर पूर्ण हो इसके लिए जवाबदेह अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की



जावें। सांसद ने विद्यालयों व खेल मैदानों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाईनों को हटवाने के साथ ही विद्यालयों में शत-प्रतिशत विद्युत कनेक्शन जारी करने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़कों का पेचवर्क करवाने के साथ ही सड़कों के किनारे झाड़ी कटाई के कार्य को प्राथमिकता से किये जाने के निर्देश दिये। सांसद देवजी पटेल ने जिले में मिशन इन्द्रधनुष व संस्थागत प्रसव की प्रगति रिपोर्ट देखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाफ की समस्या दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्कूलों में शौचालयों निर्माण सुनिश्चित हो साथ ही रख-रखाव का भी ध्यान रखा जावें। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किये गये टांका निर्माण, एनीकट व धोरा पाली के कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा कार्ड, ई-नाम योजना के संबंध में प्रगति रिपोर्ट देखी। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्ज्वला योजना पर जानकारी लेते हुए एनएफएसए पात्र परिवारों को राशन वितरण तथा पोश मशीन में नेटवर्क की समस्या को लेकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि अधिकारियों को जिले में किसानों के लिए डीएफपी उर्वरक की सप्लाई सुनिश्चित करते हुए मांग अनुरूप जिले में वितरण करने की बात कही।

बैठक में उन्होंने डिजिटल भारत अभियान पर जानकारी लेते हुए निर्धारित दरों से अधिक वसूली करने वाले ई-मित्र पर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने ई-नाम परियोजना से जुड़े पंजीकृत ट्रेडर्स एवं किसानों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सांसद द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मिड-डे-मील के तहत गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किये जाने के साथ ही कक्षा 1 से 5 (1किमी से अधिक दूरी से आने वाले बच्चे) एवं कक्षा 6 से 12 (3 किमी से अधिक दूरी से आने वाले बच्चों) ट्रेवल वाउचर भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही इस सत्र में देय वाउचर भुगतान पर जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिये गये। उन्होंने चिन्हीत कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हो इस दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से पूर्ण मनोयोग से प्रयास करने की बात कही। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों पर जानकारी लेते हुए आवाश्यक निर्देश दिये। उन्होंने डिजिटल इंडिया-इंटरनेट एक्सेस प्रोग्राम के बारे में जानकरा प्राप्त की साथ ही बैंकिंग संबंधी समस्याओं एवं प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण के लिए लीड बैंक अधिकारी को तुरन्त समाधान के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर निशांत जैन ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय रखते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने एवं अधिकारियों द्वारा स्वयं फील्ड विजिट कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दियेइस अवसर पर जनप्रतिनिधियों में जिला प्रमुख राजेश कुमार, जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, दिशा समिति सदस्य महेन्द्र सिंह झाब, उर्मिला दर्जी व हिंगलाजदान मौजूद रहे। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकति उज्जैनिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।